


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-025 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मल्लिकार्जुन खरगे 28 अप्रैल को जांजगीर में करेंगे चुनाव प्रचार

**रायपुर 23 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को दूसरे चरण मतदान होना है। वहीं 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होना है। तीसरे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस का राष्ट्रिय नेतृत्व एक्टिव हो गया है। भाजपा नेताओं के छत्तीसगढ़ दौरे के बाद अब कांग्रेस नेता भी छत्तीसगढ़ के प्रवास पर आएंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जल्द ही छत्तीसगढ़ के दौरे पर आएंगे। मिली जानकारी के अनुसार, 28 अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है। अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे जांजगीर चांपा लोकसभा सीट में प्रचार करेंगे और जनता से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। वहीं, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का 29 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है। राहुल गांधी बिलासपुर लोकसभा सीट पर प्रचार करेंगे।

### बैंक से कैश के बदले चुराया एटीएम कार्ड, फिर निकाला पैसा

**बेमेतरा 23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले से एटीएम कार्ड चोरी अनोखा मामला सामने आया है. शातिर चोर बैंक से एटीएम कार्ड चोरी कर देश के अलग-अलग शहरों से एटीएम से पैसा निकलकर मस्ती कर रहा है. मामला का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित किसान और हितग्राही बैंक पहुंचकर मैनेजर को सूचना दी कि उनके बैंक खाते से पैसे निकल रहे हैं. फिर मामले में पता चला कि 3 वर्ष पूर्व बने एटीएम कार्ड खाताधारकों को दिया ही नहीं गया था. वहीं खाताधारकों का एटीएम कार्ड बैंक से चोरी हो गई है जिसका उपयोग शातिर चोर कर रहा है. यह पूरा मामला बेमेतरा के बेरला ब्रांच स्थित जिला सहकारी बैंक का है. जहां विगत दिनों रात्रि में चोर बैंक में घुसकर एटीएम कार्ड उड़ा ले गया था. सामान बिखरा देख बैंक मैनेजर ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी. तब बैंक मैनेजर को पता नहीं था कि बैंक से एटीएम की भी चोरी हुई है. इस घटना को लेकर पीड़ित किसान और बैंक खाताधारक ने बेरला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है. वहीं चोरी की पूरी घटना का वीडियो फुटेज बैंक मैनेजर ने पुलिस को सौंप दिया है. लेकिन सप्ताह भर बाद भी चोर पुलिस के हाथ से बाहर है. घटना को लेकर बैंक प्रबंधक पर नाराजगी जाहिर करते हुए खाताधारकों ने कहा कि जब 3 वर्ष पूर्व हमारा एटीएम कार्ड बनकर आ गया था तो हमें सौंपा क्यों नहीं गया. ये कहीं ना कहीं बैंक की लापरवाही है. बैंक का काम संदेह के दायरे में है.

### नहीं चाहिए देशद्रोहियों और पाकिस्तान परस्त लोगों का वोट: गिरिराज

**नई दिल्ली 23 अप्रैल।** अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने एक बार फिर ऐसा कुछ कह दिया हा जिससे बवाल शुरू हो गया है। गिरिराज सिंह बिहार के बेगूसराय सीट से मौजूदा बीजेपी सांसद है। पार्टी ने उनपर फिर से दांव लगाया है। गिरिराज सिंह ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि उन्हें देशद्रोहियों और पाकिस्तान परस्त लोगों का वोट नहीं चाहिए। उनका एक बयान भी वायरल हो रहा है जिसमें वह कह रहे हैं कि आप मेरे लिए उन लोगों से कभी वोट न मांगें, जो देशद्रोही हैं, पाकिस्तान परस्त हैं और भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं। इसके बाद सीपीआई में चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की थी। हालांकि, गिरिराज सिंह ने फिर से कुछ ऐसा ही बयान दे दिया है। अब गिरिराज ने कहा है कि सीपीआई और इंडिया गठबंधन वाले बताएं कि उन्हें देशद्रोही और पाकिस्तान परस्त का वोट चाहिए क्या।

# महतारी वंदन योजना की देशभर में चर्चा: नरेन्द्र मोदी

■ **सक्ती 23 अप्रैल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सक्ती में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में सरकार अच्छा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना की चर्चा देशभर में है। इससे माताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने खुद की ही तिजोरियां भरी है। उन्होंने कहा कि हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। अभी तो बहुत कुछ करना बाकी है। मोदी ने कहा कि हमने उन्हें राममंदिर का न्यौता भेजा था लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया। कांग्रेस केवल तुष्टिकरण की राजनीति करती है। **मोदी की सभा में एक युवती भीड़ में मोदी का फोटो लेकर खड़ी थी। मोदी ने उनसे पूछा-फोटो लेकर क्यों खड़ी हो, क्या मुझे देना चाहती हो। युवती के हां कहने पर मोदी ने कहा कि फोटो के पीछे अपना नाम-पता लिखकर मेरे एसपीजी को दे दो, मैं तुम्हें पत्र लिखूंगा।**



पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के लिए छत्तीसगढ़ में धुआंदार चुनाव प्रचार करने पहुंच गए हैं. पीएम मोदी सक्ती जिले के जेठा गांव पहुंचे हैं. यहां जांजगीर लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े के पक्ष में प्रचार किया। सक्ती जिले में पहली बार देश के प्रधानमंत्री का आगमन हुआ है. जिससे क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित थे। मंच पर जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभाओं से चुने गए भाजपा विधायकों के साथ-साथ, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सतनामी समाज के धर्मगुरु और आरंग से विधायक खुशवंत सिंह, छालीवुड कलाकार अनुज शर्मा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल भी मौजूद थे।

### मोदी के दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है. पीएम से मिलने वालों की कोरोना टेस्ट की जा रही है. इसके साथ ही सुरक्षा में तैनात लोगों की भी जांच की गई है. प्रोटोकॉल के मुताबिक 400 से ज्यादा लोगों की कोरोना टेस्ट किया गया. वहीं राजभवन में 200 से ज्यादा अधिकारी कर्मचारियों का टेस्ट हुआ है. डॉक्टर मिथिलेश चौधरी ने बताया कि पिछले दो दिनों से प्रधानमंत्री से मिलने वाले, उनके आस पास सुरक्षा में तैनात, शासन प्रशासन के लोग, स्वास्थ्य विभाग की टीम और उनके लिए व्यवस्था, राजभवन में तैनात अधिकारी कर्मचारी की सैंपल ली गई है. पिछले 24 घंटे से लैब खुला है सैंपल लेने का कार्य जारी है. अभी तक लगभग 400 लोगों का सैंपल लिया गया था सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है. मिली जानकारी के मुताबिक अब तक 400 से ज्यादा लोगों का कोरोना टेस्ट किया गया है. जिसमें 200 से ज़्यादा राजभवन में तैनात अधिकारी कर्मचारियों का सैंपल लिया गया था. रिपोर्ट आ गई है सभी निगेटिव है. ड्यूटी में तैनात पुलिस 70 से ज्यादा जवानों की जांच की गई है।

### सीएम हाउस में मनाया गया हनुमान प्रकटोत्सव



**रायपुर, 23 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री आवास में हनुमान जयन्ती का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। सीएम विष्णुदेव से ने इस मौके पर पत्नी, बच्चे और परिवार जनों के साथ भगवान् हनुमान जी की पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। अपने एक्स अकाउंट पर सीएम ने लिखा प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त, केशरीनंदन भगवान हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में सपरिवार पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए मंगलकामना की।

### मोदी ने एक्स पर किया पोस्ट, कहा- अपने परिवारजनों के बीच रहूंगा

**रायपुर 23 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं. वहीं छत्तीसगढ़ दौरे पर आने से पहले पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है. उन्होंने पोस्ट पर लिखा है कि जांजगीर-चांपा और महासमुंद में अपनों का आशीर्वाद प्राप्त करूंगा. उन्होंने बताया कि भाजपा-एनडीए को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है. पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, लोकसभा चुनाव में भाजपा-एनडीए को देश में हर तरफ जनता-जनार्दन का अपार समर्थन मिल रहा है. उत्साह से भरे इसी माहौल में आज दो राज्यों के अपने परिवारजनों के बीच रहूंगा. सुबह करीब 10:45 बजे राजस्थान के टोंक-सवाईमाधोपुर, दोपहर बाद लगभग 2:45 बजे छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चंपा और शाम करीब 5 बजे महासमुंद में अपनों का आशीर्वाद प्राप्त करूंगा.

## कार पलटी,चालक की मौत

**रायगढ़, 23 अप्रैल।** आज तड़के सुबह चक्रधर नगर से पालीघाट तमनार को जोड़ने वाले मार्ग में एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटित हो गया। जिसमें शादी समारोह में ग्राम लिबरा से शूटिंग कर वापस लौट रहे फोटोग्राफर ग्रुप की कार तेज रफ़्तार होने से बेकाबू होकर सड़क से उतरकर पलट गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि सवार अन्य 4 को मामूली चोट आई है। जानकारी के मुताबिक रायगढ़ फ़ोटोग्राफ़र एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य फ़ोटोग्राफ़ी बंसी स्टूडियो के संचालक बंसी पटेल शादी समारोह में तमनार के ग्राम लिबरा में फोटो तथा वीडियो के लिए अपने दल के सदस्यों को लेकर गए थे। इस बीच काम को खत्म करने के बाद अपने कार क्रमांक सीजी 13 वाय 7364 से लौट रहे थे। कार का चालन स्वयं बंसी द्वारा किया जा रहा था। इस बीच कार की रफ़्तार अधिक होने के चलते वह कार पर



नियंत्रण नही रख पाया जिससे हुंडाई कार दुर्घटना का शिकार होकर सड़क से उतरते हुए पलटी मार दिया। इस हादसे में कार चालक की दर्दनाक मौत मौके पर हो गई जबकि अन्य 4 युवको को मामूली चोट आई है। हादसे की वजह को लेकर बताया जा रहा है कि देर रात तक शूटिंग व अन्य कार्यो को पूरा करने के बाद वे वापस आ रहे थे। इस दरम्यान बंगुरसिया मार्ग में मवेशियों का झुंड था, जिसमें एक मवेशी झुंड से अलग होकर सड़क में अचानक आ गया जिसे बचाने के चक्कर मे कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

## अनावश्यक व महंगी दवाओं का समर्थन करने पर सुको की आईएमए को फटकार

■ **नई दिल्ली 23 अप्रैल**

पतंजलि आयुर्वेद, बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को उसके डॉक्टरों द्वारा कथित तौर पर एलोपैथी में महंगी और अनावश्यक दवाओं का समर्थन करने पर फटकार लगाई है। तल्ख टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों के प्रमुख संगठन से कहा कि चार उंगलियां आप पर भी उठती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए से सवाल करते हुए कहा कि आपके डॉक्टर भी एलोपैथिक क्षेत्र में दवाओं का समर्थन कर रहे हैं। अगर ऐसा हो रहा है, तो हमें आप पर नजरें क्यों नहीं घुमानी चाहिए?

पतंजलि आयुर्वेद, बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) को उसके डॉक्टरों द्वारा कथित तौर पर एलोपैथी में महंगी और अनावश्यक दवाओं का समर्थन करने पर फटकार लगाई है। तल्ख टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों के प्रमुख संगठन से कहा कि चार उंगलियां आप पर भी उठती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए से सवाल करते हुए कहा कि आपके डॉक्टर भी एलोपैथिक क्षेत्र में दवाओं का समर्थन कर रहे हैं। अगर ऐसा हो रहा है, तो हमें आप पर नजरें क्यों नहीं घुमानी चाहिए? पतंजलि आयुर्वेद, बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) को उसके डॉक्टरों द्वारा कथित तौर पर एलोपैथी में महंगी और अनावश्यक दवाओं का समर्थन करने पर फटकार लगाई है। तल्ख टिप्पण करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों के प्रमुख संगठन से कहा कि चार उंगलियां आप पर भी उठती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए से सवाल करते हुए कहा कि आपके डॉक्टर भी एलोपैथिक क्षेत्र में दवाओं का समर्थन कर रहे हैं। अगर ऐसा हो रहा है, तो हमें आप पर नजरें क्यों नहीं घुमानी चाहिए?

## दागदार चेहरा भूपेश को प्रत्याशी बनाकर कांग्रेस ने राजनांदगांव का चुनाव आसान कर दिया है: साय

**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** राजनांदगांव प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है राजनांदगांव सीट पर चुनाव की प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा की कांग्रेस ने भूपेश बघेल जैसे दागदार चेहरे को प्रत्याशी बनाकर राजनांदगांव का चुनाव बेहद आसान कर दिया है । राजनांदगांव सीट वैसे भी भारतीय जनता पार्टी जीत रही थी परन्तु कांग्रेस ने जिसप्रकार सरकार से संगठन तक भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे,छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला,गोबर घोटाला,राशन घोटाला,कोयला घोटाला,महादेव सट्टा एप घोटाला एवं डी एम एफ़ घोटाला करने वाले भूपेश बघेल को राजनांदगांव से प्रत्याशी बनाकर राजनंदगांव में एक प्रकार से हथियार



डालने का कार्य किया है।श्री साय ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की जनता का हक़ छीनने का कार्य किया है,छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा देने का कार्य किया है । छत्तीसगढ़ की जनता भूपेश के नेतृत्व को नकार चुकी है और अब राजनंदगांव की जनता भी छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता को धोखा देने वाले भूपेश बघेल को भारी मतों से हरायेगी।भूपेश बघेल का राजनांदगांव से सौतेला व्यवहार जनता भूली नहीं है।

## पतंजलि ने कहा- 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया

## कोर्ट ने पूछा- साइज विज्ञापन जैसा है क्या, कटिंग भेजिए, माइक्रोस्कोप से तो नहीं पढ़ना पड़ेगा

■ **नई दिल्ली 23 अप्रैल**

बाबा रामदेव और बालकृष्ण चौथी बार कोर्ट के सामने पेश हुए। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पतंजलि के 2022 के एक विज्ञापन में एलोपैथी के खिलाफ गलतफहमी फैलाने का आरोप लगाया है। पतंजलि विज्ञापन केस में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच में पतंजलि की ओर से एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा- हमने माफीनामा फाइल कर दिया है। इसे 67 अखबारों में पब्लिश किया गया है।इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने कहा- आपके विज्ञापन जैसे रहते थे, इस ऐड का भी साइज वही था? कृपया इन विज्ञापनों की कटिंग ले लें और हमें भेज दें। इन्हें बड़ा करने की जरूरत नहीं है। हम इसका वास्तविक साइज देखना चाहते हैं। ये हमारा निर्देश है। जस्टिस कोहली ने कहा कि जब आप कोई विज्ञापन प्रकाशित करते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि हम उसे माइक्रोस्कोप से देखेंगे। सिर्फ पन्ने पर न हो पढ़ा भी जाना चाहिए। कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को निर्देश दिया कि अगले दो दिन में वे ऑन रिकॉर्ड माफीनामा जारी करें, जिसमें लिखा हो कि उन्होंने गलती की। मामले की अगली सुनवाई अब 30 अप्रैल को होगी।पतंजलि आयुर्वेद ने सोमवार (22 अप्रैल) को कुछ न्यूज पेपर्स में माफीनामा प्रकाशित किया है। इसमें कहा कि पतंजलि आयुर्वेद सुप्रीम कोर्ट का पूरा सम्मान करता है। सुप्रीम कोर्ट में हमारे वकीलों ने हलफनामा पेश किया, उसके बाद हमने विज्ञापन प्रकाशित किया और प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हम इसके लिए माफी मांगते हैं। भविष्य में कभी ऐसी गलती नहीं दोहराएंगे।

## फिलीपींस पहुंची ब्रह्मोस मिसाइल, बौखलाया चीन

**नई दिल्ली 23 अप्रैल।** ब्रह्मोस फिलीपींस सौदे ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में साल-दर-साल 32.5 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 2023-2024 में पहले ही ?21083 करोड़ तक पहुंच गया है। चूंकि ब्रह्मोस के पास एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है, इसलिए भारत को निकट भविष्य में सुपरसोनिक मिसाइलों के लिए और अधिक ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। दक्षिण चीन सागर में चीनी दावों के कारण बढ़ते तनाव के बीच, रक्षा निर्यात को भारी बढ़ावा देते हुए, भारत आज ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों के भूमि संस्करण की चौथी बैटरी फिलीपींस भेजने की राह पर है। यह समझा जाता है कि ब्रह्मोस मिसाइलों की तीन बैटरी पहले ही द्वीप राष्ट्र को सौंप दी गई है और चौथी 2022 में दोनों सहयोगियों द्वारा हस्ताक्षरित 375 मिलियन अमरीकी



डालर के सौदे के हिस्से के रूप में मनीला के रास्ते में है।

प्रत्येक बैटरी में चार लॉन्चर शामिल हैं पारंपरिक निवारक की उत्तरजीविता के लिए एक मोबाइल प्लेटफॉर्म पर प्रत्येक लॉन्चर के साथ तीन 290 किमी रेंज की मिसाइलें। हथियार की सुपरसोनिक गति को देखते हुए, मिसाइल को जमीन या जहाज-आधारित बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) सिस्टम द्वारा रोकना बहुत मुश्किल है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान नौसेना समूह और इमैनुएल मैक्रॉन सरकार के साथ बातचीत करने के लिए फ्रांस की यात्रा पर हैं, ताकि यह समझा जा सके कि भारतीय और फ्रांसीसी आपूर्ति श्रृंखलाएं उच्च तकनीक वाले पारंपरिक और गैर-पारंपरिक उप-सतह के निर्माण के लिए कैसे हाथ मिला सकती हैं।


ब्रह्मोस फिलीपींस सौदे ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में साल-दर-साल 32.5 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 2023-2024 में पहले ही ?21083 करोड़ तक पहुंच गया है। चूंकि ब्रह्मोस के पास एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है, इसलिए भारत को निकट भविष्य में सुपरसोनिक मिसाइलों के लिए और अधिक ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। भाब्रह्मोस फिलीपींस सौदे ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में साल-दर-साल 32.5 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 2023-2024 में पहले ही ?21083 करोड़ तक पहुंच गया है। चूंकि ब्रह्मोस के पास एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है, इसलिए भारत को निकट भविष्य में सुपरसोनिक मिसाइलों के लिए और अधिक ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। भारत ने मिसाइल निर्यात में रूबिकॉन को पार कर लिया है।

## बाद में किया गया भराव संरचना की मूल विशेषताओं को छिपा रहा है : एएसआई

■ **भोपाल 23 अप्रैल**

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के आदेश पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में महीने भर से वैज्ञानिक छानबीन कर रहे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने यह कवायद पूरी करने के लिए अदालत से 8 सप्ताह की मोहलत मांगी है। एएसआई ने मोहलत की मांग करते हुए हाई कोर्ट की इंदौर पीठ में दायर अर्जी में कहा कि विवादित परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की दरकार है।

हाई कोर्ट ने भोजशाला विवाद के मुकदमे की अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख पहले ही तय कर रखी है। इस तारीख को



एएसआई की ताजा अर्जी पर भी सुनवाई हो सकती है। हाई कोर्ट ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। इसके बाद एएसआई ने 22 मार्च से इस विवादित परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया था, जो लगातार जारी है।

सर्वेक्षण का आदेश भोजशाला मसले से जुड़े विचाराधीन मुकदमे के पक्षकारों में शामिल संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के आवेदन पर दिया गया था। हाई कोर्ट में एएसआई की सोमवार को दायर अर्जी में कहा गया कि भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर के साथ-साथ इसकी परिधि के क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण प्रगति पर है, जिसमें वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही, एएसआई के दल द्वारा पूरे स्मारक का विस्तृत दस्तावेजीकरण किया जा रहा है।

एएसआई ने अपनी अर्जी में सर्वेक्षण से जुड़ी खुदाई को बहुत ही व्यवस्थित और धीमी प्रक्रिया बताते हुए कहा कि यह कवायद भी प्रगति पर भी है और इस परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की आवश्यकता होगी। अर्जी के मुताबिक स्मारक की बारीकी से जांच करने पर पाया गया कि प्रवेश द्वार के बरामदे में बाद में किया गया भराव इस संरचना की मूल विशेषताओं को छिपा रहा है।

अर्जी में कहा गया कि इस भराव को हटाने का काम मूल संरचना को कोई नुकसान पहुंचाए बगैर बहुत सावधानी से किया जाना है जो धीमी और समय लेने वाली प्रक्रिया है। अर्जी में यह भी बताया गया कि एएसआई ने राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) से ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार (जीपीआर) सर्वेक्षण करने

## मोदी के पास विजन है तो महंगाई-बेरोजगारी क्यों कम नहीं करते : बैज

**रायपुर 23 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के ट्वीट 'मेरे वोट देने का रीजन है, क्योकि मोदी जी के पास विजन है' पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि विजन है तो महंगाई-बेरोज़गारी क्यों कम नहीं कर रहे, किसानों की आय दोगुनी क्यों नहीं करते, युवाओं के भविष्य की बात क्यों नहीं करते. कभी राजनैतिक दल का खाता सील करेंगे, कभी मुखिया को जेल में बंद करेंगे. ये बीजेपी इतनी डरी हुई क्यों है, देश की जनता समझ चुकी है. 400 पार का नारा देकर 150 सीटों पर सिमट जाएगी. इसे भी पढ़ें ~ छत्तीसगढ़ दौरे पर आने से पहले मोदी ने एक्स पर किया पोस्ट, कहा- अपने परिवारजनों के बीच रहूंगा, भाजपा-एनडीए को मिल रहा अपार समर्थन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इसके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे पर कहा कि पिछले बार मोदी ने पुलवामा हमले को लेकर वोट माँगा. तब उनके ही सहयोगी सवाल किए कि



एयर क्राफ्ट क्यों नहीं दिए, जिसकी वजह से जवान शहीद हुए. एयर क्राफ्ट देते तो जवानों की जान बच जाती. प्रधानमंत्री को जवानों की जान की परवाह नहीं है. आज हमने चिट्ठी लिखी, आप जनता को जवाब दें. इस घटना की सच्चाई क्या है. पीएम मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर कांग्रेस ने पर ट्वीट कर दूर से नमस्कार कहा है. इस पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री चुनाव के दौरान ही आते है, इसलिए दूर से नमस्कार कहा है. वहीं जाँजगीर लोकसभा में प्रधानमंत्री के दौरे पर उन्होंने कहा कि जाँजगीर लोकसभा में कांग्रेस मज़बूत है, इसलिए पीएम मोदी वहाँ सभा कर रहे, ताकि जाँजगीर की जनता को गुमराह कर सकें. राजनांदगाँव के प्रत्याशी भूपेश बघेल के दागी नेता कहे जाने पर बैज ने कहा कि राजनांदगाँव कांग्रेस जीत रही है. कल मेरा दौरा था. मैंने जनता का रुझान देखा है. मुख्यमंत्री खुद मोर्चा संभल रहे हैं।

## एक नजर

### बोरी में बंद महिला की लाश मिली



**भिलाई, 23 अप्रैल।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र ग्राम-सगनी कोडिया खार रोड किनारे बोरे में बंद एक अज्ञात महिला की सड़ी-गली लाश पड़ी मिली शव को कुत्ते नोंच खा रहे थे आने-जाने वालों ग्रामीणों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी प्रथम दृष्टि में मामला हत्या का लग रहा है बताया जाता है कि शव को बोरे में डालकर सड़क किनारे छोड़ दिया होगा पुलिस अज्ञात महिला की पहचान में जुट गई है नंदिनी पुलिस ने बताया कि कोडिया ग्राम से सगनी रोड जाने वाले मार्ग पर एक प्लास्टिक की बोरी में बंद महिला का शव रोड किनारे पड़ा है। सूचना पर पुलिस की एसीसीयू प्रभारी कपिल देव पाण्डेय व फोरेंसिक टीम पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्ती का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया है शव तीन से चार दिन पुराना बताया जा रहा है मृतका की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच है। आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या करने के बाद बोरे में बंद कर शव को फेंका गया होगा शव की हालत इतनी खराब थी कि सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में उसका पीएम नहीं हो सका इसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए राजनांदगांव भेजा नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि मृतका के शरीर पर आसमानी नीला साड़ी, हरा पेटीकोट, काला ब्लाउज, दोनों हाथ में ऑरेंज कलर के प्लास्टिक कंगन, लाल रंग की कांच की चूड़ी और 2 सिल्वर कलर का कंगन है आसपास इसकी जानकारी दी गई है कि ताकि शव की शिनाख्ती हो सके

### प्राणघातक हमला ,दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 23 अप्रैल।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र एक युवक पर प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाने वाले 2 आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से धारदार हथियार चाकू, डंडा एवं पाइप जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी है कई मामले दर्ज हैं सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि धर्मेन्द्र सिंह निवासी नेहरू नगर ने रात 9 बजे कोसा नगर सुपेला में अपने दोस्तों से बातचीत कर रहा था उसी दौरान 2 व्यक्ति आये और प्रार्थी को बहुत हीरो बनता है कहते हुए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से डंडा, पाइप एवं अन्य धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया इसी दौरान मुखबीर की सूचना व हुलिया के आधार पर संदेही अमित बोमबारडे (35 वर्ष ) निवासी कोसा नगर मराठी मोहल्ला सुपेला व नीरज सिंग (19 वर्ष ) निवासी शिवाजी चौक माडल टाउन को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपराध करना स्वीकार किया।

### अवैध शराब बेचने वाला पकड़ाया



**भिलाई, 23 अप्रैल।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र अवैध रुप से शराब बेचने वाले एक युवक को नेवई पुलिस ने पकड़ा। उसके कब्जे से 31 पौवा शराब जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि नेवई बस्ती में सोहन माण्डले नाम का व्यक्ति शराब विक्रय कर रहा है नेवई थाना स्टाफ मौके पर पहुंचकर घेरा बंदी कर आरोपी सोहन माण्डले (60 वर्ष ) निवासी नेवई बस्ती को पकड़ा गया ।

### भिलाई इस्पात संयंत्र ने रेलवे को भेजी आर-350 हीट-ट्रीटेड रेल की दूसरी रेक



**भिलाई, 23 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने 20 अप्रैल 2024 को 260 मीटर लंबाई वाली आर-350 हीट-ट्रीटेड रेल की 1000 टन की दूसरी रेक भारतीय रेलवे को भेजी। भिलाई इस्पात संयंत्र ने माइक्रो-अलॉय रेल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, नए 60 ई-1 प्रोफाइल के साथ आर-260 रेल का एक नया ग्रेड विकसित किया था। जिसे संयंत्र द्वारा जुलाई 2022 से रोल आउट कर भारतीय रेलवे को आपूर्ति किया जा रहा है। ये विशेष ग्रेड हीट-ट्रीटेड रेल, अभी भारत के दक्षिणी भागों में फील्ड परीक्षणों के अधीन है। कई बार एक्सल लोड अधिक होने के साथ साथ ट्रेनों की गति तेज और धीमी होने के परिणामस्वरूप, ट्रेनों के पहिये और पटरियों के बीच घर्षण अधिक होता है। रेल परिवहन के ऐसे हिस्सों में पहिये और पटरियों के बीच घर्षण को कम करने के लिए यह विशेष ग्रेड हीट-ट्रीटेड रेल सबसे उपयुक्त है।

### अभ्यार्थियों के व्यय संबंधी जानकारी के लिए बैठक

**दुर्ग, 23 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक के द्वारा 23 अप्रैल 2024 को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष दुर्ग में निर्वाचन व्यय अनवीक्षण (ईईएम) के संबंध में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

# सबके साथ मिलकर मोदी देश में विकास के रच रहे कीर्तिमानः नड्डा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 अप्रैल।** देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने देश और दुर्ग लोस क्षेत्र में विकास कराने के लिए भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को जिताने सोमवार दोपहर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आईटीआई मैदान में आमसभा लिया। इस आमसभा में उन्होंने कहा कि विजय बघेल को इस लोक सभा चुनाव में विजय मिले इसके लिए हम सब यहाँ सभा में आये हैं। उत्साह और भीड़ देख कर यह पता चल रहा है कि लोगों ने विजय बघेल को जिताने का फैसला ले लिया। महतारी वंदन योजना बनाने वाले और महिलाओं को 1 हजार रुपये दिलाने वाले ही सांसद विजय बघेल हैं। विजय बघेल को लोकसभा चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करना। भारतवर्ष को विश्व गुरु बनाने, राष्ट्र के निर्माण के लिए। भारत को विश्व के शिखर पर ले जाने के लिए विजय बघेल को जीतना जरूरी है। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने स्थिर सरकार चाहिए। पहले जाति, धर्म और लोकलुभावन की राजनीति होती थी अब मोदी राज में विकास की राजनीति हो रही है। सबके साथ सबके प्रयास और सबके साथ मिलकर मोदी जी देश में विकास के कीर्तिमान रच रहे हैं । नड्डा ने कहा कि सबका साथ-सबका विश्वास-सबका विश्वास के मूल मंत्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाना है और 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इसी अवधारणा को लेकर भारत आज विकास के हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही जो सामाजिक विसंगतियां थी, उन्होंने दूर किया। नड्डा ने कहा कहा तीन तलाक को समाप्त कर महिलाओं को न्याय देने का काम किया। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक जैसे इस्लामिक देश में तीन तलाक का कानून नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा इसे हटाओ लेकिन कांग्रेस ने हिम्मत नहीं थी। इस्लामिक देश में तीन तलाक नहीं है, आपके एक वोट ने तीन तलाक खत्म करा दिया। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि बांग्लादेश, पाकिस्तान सहित जो दूसरे देशों से शरणार्थियों को अब भारत में नागरिकता का अधिकार मिल रहा है। पहले देश में जाति और धर्म के नाम राजनीति होती थी। मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा, तौर-तरीके बदल डाला। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर काम कर रही है। मोदी की सरकार ने युवाओं,महिलाओं, गरीबों, किसानों की सरकार है। मोदी जी ने कहा था, मेरी सरकार युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसान, है। आज पूरे देश में विकास हो रहा है। गांव एक दूसरे गांव से सड़कों के माध्यम से जुड़ गए हैं। गरीबों को मुफ्त चावल देने का काम अगर कोई किया तो वह प्रधानमंत्री ने किया। गरीब कल्याण योजना के तहत लाभ मिल रहा है। हर घर नल पहुंच रहा है, गरीब आदमी को पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भिलाई आमसभा में जनता से भाजपा प्रत्याशी को जिताने समर्थन माँगा। सांसद एवं वर्तमान प्रत्याशी विजय बघेल को प्रचंड मतों से जिताने का कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर उनके 400 पार के सपने को पूरा करने का संकल्प लिया। आमसभा में दुर्ग लोकसभा के संयोजक पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, सहसंयोजक अवधेश चंदेल, दुर्ग के जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, भिलाई के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव, अहिवारा के विधायक डोमन लाल कुरसेवाडा, वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सावलाराम डहरे, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, बृजेश बिचपुरिया एवं प्रदेश जिले एवं मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टावर से लटकती अधेड़ की लाश मिलने से सनसनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 अप्रैल।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र घर के पीछे एसीसी चौक के पास एक अधेड़ की टॉवर में लटकती लाश मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव एक दिन पुरानी हो जाने से बदबू आ रही थी पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला मरच्युरी लाया गया, लेकिन वहां पीएम नहीं होने की वजह से शव को राजनांदगांव मेडिकल अस्पताल ले गए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या या आत्महत्या का खुलासा हो पाएगा पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह 8 बजे सूचना मिली कि एसीसी चौक के पास एक व्यक्ति की टॉवर में गमछे के सहारे शव लटकी है सूचना के बाद मौके पर पहुंच कर शव को फंदे से नीचे उतारा गया। शव की पहचान आत्माराम निषाद (48 वर्ष ) के रुप में की गई मृतक अपनी पत्नी और बच्चों के साथ निवास करता था और हमाली का काम करता था आत्माराम की पत्नी ललिता ने बताया कि सुबह 5 बजे आत्माराम घर से निकले थे फिर वापस नहीं आए। देर शाम तक जब आत्माराम घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश की आज सुबह तक घर ना लौटने पर परिजन जामुल थाने शिकायत करने जाने वाले थे। इसी दौरान किसी ने बताया कि पास में ही एक हाईटेंशन बिजली टॉवर में किसी व्यक्ति का शव लटका है जब ललिता वहां पहुंची तो देखा कि खुदकुशी करने वाला उसका पति आत्माराम है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को टॉवर से नीचे उतरवाया इसके बाद शव को पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा गया है, लेकिन शव के सड़ जाने से पीएम के लिए राजनांदगांव भेजा गया

#### हत्या या आत्महत्या, पीएम रिपोर्ट में होगा खुलासा

जामुल पुलिस जहां इसे खुदकुशी बता रही है तो वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है उनका कहना है कि आत्माराम के दो बेटे और एक बेटी है। दोनों बेटे निजी कंपनी में नौकरी करते हैं घर में सभी खुशी-खुशी रहते थे इस स्थिति में वह खुदकुशी नहीं कर सकता है। उन्होंने ये भी आशंका जताई है कि आत्माराम का कुछ महीने पहले ही रोड एक्सीडेंट में पैर टूट गया था वे ठीक से चल नहीं पाते थे। ऐसी हालत में टॉवर पर कैसे चढ़ा और फांसी कैसे लगा पाया, घर वालों ने आशंका जताई है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट आने के बाद हत्या या आत्महत्या का खुलासा हो पाएगा



## बीएसपी ने पोधरोपण कर मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**भिलाई, 23 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर 22 अप्रैल को टाउनशिप के सेक्टर-6 क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक डी एल मोइत्रा, महाप्रबंधक सुश्री उमा कटोच, महाप्रबंधक के प्रवीण, उप महाप्रबंधक विष्णु पाठक, उप महाप्रबंधक डॉ एन के जैन, सहायक महाप्रबंधक सुश्री बी अनुराधा सहित पर्यावरण प्रबंधन और टाउनशिप विभागों के अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक डी एल मोइत्रा ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नागरिकों को धरती मां की रक्षा के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

प्रचार



जामुल। नगर पालिका जामुल के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद रेखराम बंछोर, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए।

### कैंडल मार्च एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाल मतदान के लिए किया प्रेरित



**भिलाई, 23 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मितानिनों के माध्यम से लोक सभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग हेतु विगत शुक्रवार संध्या 6.30 बजे कैंडल मार्च एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता विशाल रैली में विभिन्न प्रकार के नारे एवं स्लोगन के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए, सभी मतदाताओं को लोकतंत्र की रक्षा के लिये 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। 85 वर्ष के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिये, जो मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पाने वाले मतदाताओं के लिये कलेक्टर सुश्री चौधरी द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया है, जो घर पहुंचकर निष्पक्ष मतदान कराएंगे, इस स्थिति में 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांगजन जो मतदान केन्द्र में नहीं पहुंच पाते है।

## बुजुर्ग मतदाताओं को केंद्र तक लाने आयुक्त मोनिका ने बनाई 24 टीम



**रिसाली।** ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 80 पार है, उन्हे मतदान कराने पोलिंग बूथ तक लाया जाएगा। इसके लिए रिसाली निगम ने 2 दर्जन से ज्यादा ऑटो व ई रिक्शा की व्यवस्था की है। मतदाता रथ से मतदाताओं को केंद्र तक लाने की जिम्मेदारी 30 कर्मचारियों पर रहेगी। आयुक्त मोनिका वर्मा ने मतदाता रथ प्रभारियों की बैठक सोमवार को ली। 80 उम्र पार कर चुके मतदाताओं और दिव्यांगों की सूची उपलब्ध कराई गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए कि मतदाताओं की सूची के हिसाब से रूट तैयार कर पहले से मतदाताओं को सूचित करे। आयुक्त ने मतदाता रथ प्रभारियों को कड़े शब्दों में कहा कि इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने रथ के प्रभारियों से कहा है कि रथ का उपयोग केवल दिव्यांग या फिर बुजुर्गो के लिए होगा। किसी भी राजनैतिक दल के सदस्यों के कहने पर रथ का उपयोग सामान्य वर्ग के लिए न किया जाए। मोनिका वर्मा ने कहा कि रथ में सवार मतदाता केंद्र में सीधे प्रवेश कर मतदान कर लौटेंगे। दुर्ग ग्रामीण के ए आर ओ मुकेश रावटे ने रिसाली निगम क्षेत्र के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर कैडेटों ने चलाया जागरूकता अभियान




**भिलाई, 23 अप्रैल।** । 37 छग बटालियन एनसीसी दुर्ग के कमान अधिकारी के निर्देशानुसार कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर के एनसीसी कैडेटों ने 19 से 22 अप्रैल तक सिकलसेल और थैलेसीमिया जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके लिए महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप द्वारा कैडेट सोमदत्त, उदित राज पटेल, राजीव लाल देवांगन व विकास शुक्ला के नेतृत्व में टीम बनाकर उनको प्रशिक्षित किया। कैडेट की टीम महाविद्यालय के वाणिज्य, विज्ञान व शिक्षा संकाय के विद्यार्थियों को सिकलसेल व थैलेसीमिया के बारे में,उसके लक्षण व बिमारी से बचने नवदम्पति को विवाह पूर्व रक्त परीक्षण कर की आवश्यकता व अनिवार्यता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय भोपाल व रायपुर ग्रुप एनसीसी से प्राप्त पोस्टर व पाम्पलेट के माध्यम से सेक्टर 7 मार्केट में व घर घर जाकर जागरूक किया। इसी क्रम में एनसीसी बटालियन के निर्देशानुसार 22अप्रेल सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों द्वारा पृथ्वी को बचाने के लिए प्लास्टिक मुक्त धरा का आव्हान किया। उक्त सभी कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 आर0 पी0 अग्रवाल, उपप्राचार्य व वाणिज्य संकाय अध्यक्ष डॉ0 पी0 एस0 शर्मा, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ0 गुणवन्त चंद्रौल, शिक्षा संकाय प्रमुख डॉ0 वनिता सिन्हा, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनिर्बन चौधरी व पूर्व कैडेट सिंगराज गुप्ता ने एनसीसी कैडेटों के इस प्रयास की सराहना की व आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

### जिला चिकित्सालय में फेटल डॉप्लर मशीन की सुविधा

**दुर्ग 23 अप्रैल।** जिला चिकित्सालय के अंतर्गत मातृत्व शिशु विभाग के गयनिक प्रमुख और लेबर रूम की सिस्टर इंचार्ज ममता शर्मा को एक फेटल डॉप्लर जीवन दीप समिति के स्थाई सदस्य दिलीप ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया है। मशीन गर्भस्थ शिशु के ह्रदय के धड़कन के अवलोकन हेतु महत्व पूर्ण और उपयोगी होता है। विदित हो की इसके पूर्व भी दिलीप ठाकुर द्वारा फेटल डॉप्लर मशीन उपलब्ध की गई थी। ये मशीन जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. ए.के. साहू के हाथो से तत्संबंधित विभाग में सौपा गया। इस अवसर पर आरएमओ डॉ. ए.के. यादव डॉ. आर.के. नायक डॉ.संजय बालबेंद्रे जीवन दीप समिति के स्थाई सदस्य दिलीप ठाकुर मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर डॉ. ममता पांडे, ममता शर्मा स्टोर इंचार्ज रमन गंधर्व उपस्थित थे।



## ईवीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग के लिए दिया गया प्रशिक्षण

भिलाई, 23 अप्रैल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग अंतर्गत विधानसभा 62-पाटन, 63-दुर्ग ग्रामीण, 64-दुर्ग शहर, 65-भिलाई नगर, 66-वैशाली नगर, एवं 67-अहिवारा के उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग तथा माकपोल कार्य के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी महाविद्यालय (बी.आई.टी.) दुर्ग में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि कमीशनिंग का मतलब है, मशीन को मतदान के लिए तैयार करना। इसमें वीवीपैट में पर्चियों के विवरण प्री फीड करना, पेपर रोल लगाना, बीयू में मतपत्र सेट करना और मतदान के लिए बटनों को उपलब्ध कराना, सीयू में अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित करना, सील करना इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दुर्ग लोकसभा में 25 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में, प्रतीक चिन्ह आवंटित



**भिलाई, 23 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अंतर्गत नाम वापसी के अंतिम तिथि को समय समाप्ति उपरांत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों एवं अन्य अभ्यर्थियों को चुनाव प्रतीक चिन्ह आबंटित किया। संसदीय क्षेत्र दुर्ग के लिए 25 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी दिलीप रामटेके बहुजन समाज पार्टी को हाथी चुनाव चिन्ह, राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस को हाथ और विजय बघेल भारतीय जन्ता पार्टी को कमल चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया। इसी प्रकार डॉ. अंजू केमे एकम सनातन भारत दल को बांसुरी, पुष्पा मैरिसा आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया को कोट, यशवंत सीताराम साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी को एयरकंडिसनर, राकेश साहू न्याय धर्म सभा को हीरा, विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी को सिलाई की मशीन, शीतकरण महिलवार आजाद समाज पार्टी को केतली, शंकर ठाकुर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को आरी, श्याम सुंदर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी को बाल्टी, सविता शैलेन्द्र बंजारे शक्ति सेना (भारत देश) को गैस सिलेंडर, सुखदेव टंडन राष्ट्रीय जनसभा पार्टी को नारियल फार्म चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है। इसी क्रम में अनूप कुमार पाण्डेय निर्दलीय को बल्ला, अरूण जोशी निर्दलीय को लिफाफा, अली हुसैन सिद्दकी निर्दलीय को सीटी, अशोक जैन निर्दलीय को माचिस की डिब्बी, खिलानंद जसपाल निर्दलीय को गन्ना किसान, ध्रुव कुमार सोनी उर्फ लंगूर सोनी निर्दलीय को टॉफियां, बलदेव साहू निर्दलीय को कॉच का गिलास, भागबली सिवारे निर्दलीय को अलमारी, भानुप्रताप चतुर्वेदी निर्दलीय को ब्लैकबोर्ड, संतोष कुमार मारकण्डे निर्दलीय को सेब, हरिचंद ठाकुर निर्दलीय को कम्प्यूटर और डॉ. हरिशचंद्र साहू निर्दलीय को ऑटो रिक्शा चुनाव प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है।लॉटरी सिस्टम से हुआ प्रतीक चिन्ह का फैसला - लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी श्याम सुंदर साहू और शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी सविता शैलेन्द्र बंजारे द्वारा गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह को प्रथम वरीयता दिए जाने पर इसका फैसला लॉटरी निकालकर किया गया। जिसमें गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह सविता शैलेन्द्र बंजारे शक्ति सेना (भारत देश) के नाम पर लॉटरी निकली। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा गैस सिलेंडर प्रतीक चिन्ह सविता शैलेन्द्र बंजारे को आवंटित की गयी।

## 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता होम वोटिंग के जरिए करेंगे मतदान

**कोरबा, 23 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग कराने के लिए कोरबा जिले हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सेक्टर ऑफिसर्स एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत, सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, सभी रिटर्निंग अधिकारी विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।सामान्य प्रेक्षक श्री मीणा ने सभी सेक्टर अधिकारियों एवं मतदान दल के अधिकारियों को प्रशिक्षण को ग भीरता से लेने एवं मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने मतदान दलों को प्रशिक्षण का लाभ उठाने की बात कही। अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करने एवं किसी प्रकार की संशय में नही रहने के लिए कहा। कलेक्टर ने विभिन्न पपत्रो की उपयोगिता को समझकर उन्हें भरने की पूरी जानकारी प्राप्त कर कुशलता पूर्वक होम वोटिंग पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

एक नजर

## मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल फूल का बटन दबाएः विष्णुदेव साय

**राजनांदगाँव 23 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे का चुनाव प्रचार अभियान आज पूरे उफान पर रहा जब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय ने नंदई चौक से चुनावी सभाओं को संबोधित करने का अपना अभियान प्रारंभ किया फिर वे लखोली, चिखली, मोतीपुर में चुनावी सभाए लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल फूल छाप का बटन दबाने का आग्रह किया। भाजपा मीडिया सेल प्रभारी योगेश दत्त मिश्रा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री साय ने अपने सम्बोधन में आगे कहा की प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में बड़े-बड़े कार्य किए जो देश के लोगों को असंभव लगता था कश्मीर से धारा 370 हटाई गई, कहते थे धारा 370 हटी तो खून की नदिया बह जाएगी किन्तु मोदी जी ने तमाम धमकियों को दरकिनार करते हुए धारा 370 खत्म कर कश्मीर को देश की मुख्यधारा से जोड़ दिया राम मंदिर निर्माण को लेकर भी तमाम अड़ंगे लगाए जाते रहे धमकियाँ दी जाति रही यहा तक की मंदिर निर्माण पर देश तोड़ने की बात होती रही किन्तु मोदी जी ने तमाम रुकावटों को दूर कर पूर्वजों के पाँच सौ सालों के संघर्ष का स्मरण करते हुए अंततः मन्दिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया तीन तलाक की प्रथा खत्म की, सीएए लागू किया देश को मजबूत आर्थिक आधार देते हुए उसे विश्व की पाँचवी आर्थिक महाशक्ति बना दिया, सेना का आधुनिकीकरण किया, सीमाओं को मजबूत किया देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के ऐतिहासिक कार्य हुए, देश को आंतरिक व बाहरी खतरों से मुक्त कराया आतंकवाद को कुचल कर रख दिया और तो और उन्हे गरीबों, किसानों, माध्यम वर्गियों, मजदूरों की भी खासी चिंता रही 80 करोड़ देशवासियों को मुक्त राशन देने की योजना शुरू की किसानों को किसान सम्माननिधि से नवाजा, मजदूरों के लिए अनेक जीवनदायी योजनाए शुरू की, परिणाम स्वरूप 25 करोड़ से अधिक देशवासी गरीबी रेखा से ऊपर उठे आम लोगों की जिंदगी आसान हुई किन्तु अभी देश के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी हैं। मोदी जी ने अभी तो भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ टेलर दिखाया हैं, जब वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेगे तो असली फिल्म चालू होगी और देश आर्थिक विकास की नई ऊचाईयों को प्राप्त करते हुए विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि भ्रष्टाचार का नाम यदि गिनीज बुक में आए तो भूपेश बघेल का नाम उसमें अपने आप शामिल हो जाएगा।

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयानों पर कांग्रेस का कड़ा प्रहार

**रायपुर 23 अप्रैल।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयानों पर कड़ा प्रहार करते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि केन्द्र में दस साल के मोदी सरकार के रिपोर्ट कार्ड के नाम पर बताने को कुछ नही है, न ही नड्डा में साहस है कि मोदी, शाह की नाकामी को स्वीकार कर पाये, इसलिये भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आकर गलतबयानी कर रहे है, धार्मिक विद्वेष फैलाने का षडयंत्र रच रहे है। अपनी वादाखिलाफी के कारण नरेन्द्र मोदी अपनी विश्वसनीयता खो चुके है। पिछले दस साल के मोदी सरकार के कार्यकाल में लगातार झूठ बोले गये। देश के सामने भाजपा और मोदी ने कई बड़ी गारंटी दी, लेकिन इन गारंटियो को आज तक पूरा नहीं किया गया। 10 साल के कार्यकाल में मोदी की हर गारंटी फेल हो गई। केन्द्र की मोदी सरकार ने झूठ बोलने और भ्रष्टाचार के सिवा कोई काम नहीं किया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि मोदी ने गारंटी दिया था 100 दिन में महंगाई कम हो जायेगी, लेकिन 10 सालो में महंगाई 10 गुना बढ़ गयी, आम आदमी का बजट बिगड़ गया। मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में गारंटी देते हुये कहा था कि उनकी सरकार बनने पर काला धन वापस लाया जायेगा। कालाधान वापस लाने की गारंटी देने वाले मोदी आज दस साल यानी 3650 दिन बीतने के बाद भी कालाधन वापस नहीं ला सके। उलटे कई बड़े उद्योगपति बड़ी आसानी से अरबों रूपये लेकर देश से चले गये। भाजपा सरकार ने देश का अरबों रूपये लेकर जाने वाले के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने हर भारतीय के बैंक खाते में 15 लाख रूपये जमा करने की गारंटी दी थी। आज तक किसी के खाते में 15 लाख तो दूर 15 हजार रुपये भी जमा नहीं हुये। इसी तरह पेट्रोल-डीजल की दर 35 रुपये प्रति लीटर करने, गैस सिलेंडर सस्ता करने की गारंटी दी गई थी। पेट्रोल डीजल के रेट 100 रुपये हो गये है। जबकि गैस सिलेंडर 475 रूपये से बढ़ाकर 1100 रूपये हो गये। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि मोदी ने 2014 के चुनाव में युवाओं से वादा करते हुये हर साल दो करोड़ रोजगार देने की गारंटी दी थी। 10 साल में 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलने की बजाये करोड़ो लोगों की नौकरी चली गयी।

## मोदी सत्यपाल मलिक के आरोपों का जवाब दें: दीपक बैज

**रायपुर 23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ आगमन के पूर्व कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के द्वारा लगाये गये आरोपों पर प्रधानमंत्री मोदी से जवाब मांगा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुला पत्र लिखकर पूछा है कि- जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के द्वारा लगाए गये गंभीर आरोप पर आप मौन क्यों है, उम्मीद है छत्तीसगढ़ की जनता को जवाब देंगे? 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में विस्फोटकों से भरी गाड़ी, सीआरपीएफ़ के 70 बसों के काफ़िले में चल रही एक बस से भिड़ा दी गई थी। इस आत्मघाती हमले में 40 जवानों की मौत हुई थी। सत्यपाल मलिक ने पुलवामा हमले को केंद्र की लापरवाही बताया था, आपकी सरकार ने इसका खंडन क्यों नहीं किया? जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने आरोप लगाया कि जम्मू से श्रीनगर जाने सीआरपीएफ़ को पांच एयरक्राफ़्ट गृह मंत्रालय ने नही दिया, एयरक्राफ़्ट दे देते तो ये हमला नहीं होता। इस हमले के लिये केंद्र सरकार जिम्मदार थी। सत्यपाल मलिक ने आरोप लगाया इस घटना की जानकारी प्रधानमंत्री को दी, ग़लती बताया तो पीएम उन्हें÷ इस पर चुप रहिए कहा। आपने उनको चुप क्यों करवाया था? संवेदनशील अति सुरक्षित क्षेत्र में 350 किलो आरडीएक्स से भरी गाड़ी कैसे पहुंच गयी?

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर धर्मनगरी में होंगे तीन दिन तक विविध आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़ 23 अप्रैल।** माई की नगरी डोंगरगढ़ में श्री हनुमान युवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव पर्व की तैयारी में हनुमान भक्त जुटे हैं जिसमें शहर को भगवा तोरण, झंडे,महावीर मंदिर प्रांगण को स्वागत गेट लाइट से सजाया गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय रहेगा आयोजन जिसमे 21 अप्रैल 2024 संध्या 4 बजे विशाल बाइक रैली 22 अप्रैल 2024 संध्या 05 बजे भव्य शोभायात्रा 23 अप्रैल 2024 दोपहर 12 बजे महाआरती मूछ वाले हनुमान जी महाराज महावीर मंदिर प्रांगण में आयोजित व रात्रि 7 बजे संगीतमय हनुमान चालीसा का आयोजन श्री हनुमान चौक में किया जाना तय किया गया है। समिति के हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष आयोजन का 11वां वर्ष है हनुमान जन्मोत्सव को नगर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसमे सर्व समाज, सर्व हिन्दू संगठन समस्त राजीनीति संगठनों व नगर की माताओं बहनों व भाइयों से सहपरिवार उपस्थित होने की अपील की गई है। समिति के हनी गुप्ता ने की अपील - श्री हनुमान जन्मोत्सव नगर का उत्सव व नगर का आयोजन है हम सब की यह जिम्मेदारी है कि तीन दिवसीय आयोजन के अवसर पर कोई भी व्यक्ति नशा,मंदिरा का सेवन न करे आयोजन में पारंपरिक वेशभूषा में पुरुष वर्ग व महिलाएं शामिल हो अस्त्र शस्त्र का उपयोग शोभायात्रा में न करे शोभायात्रा व रैली में सनातन संस्कृति व सभ्यता का परिचय अन्य जगहों ओर जाये यह हम सब का प्रयास रहे 550 वर्षो के संघर्षों के बात राम लल्ला का राम मंदिर बना है पूरे भारत मे राममय वातवरण बना है ऐसे समय मे समस्त सनातन प्रेमियों को जाति धर्म का भेद भाव छोड़ संगठित होकर एक होकर यात्रा में शामिल होना चाहिए ताकि हमारे धर्मनगरी की ओर से एकता का संदेश अन्य शहर में जाये। शोभायात्रा रहेगी आकर्षण का केंद्र- भव्य शोभायात्रा में जय बजरंग अखाड़ा,हंसराज धुमाल धमतरी, राम दरबार व उत्तर प्रदेश की हनुमान लीला राम दरबार साथ ही आंध्रा प्रदेश के हनुमान जी की झांकी सन्ध्या 05 बजे महावीर मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण के लिये निकलेगी व नगर वासियो को देखने को मिलेगी। संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ - 23 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव के रात्रि 7 बजे श्री हनुमान चौक में संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया है इस पाठ में शामिल होने वाले भक्त अपना रजिस्ट्रेशन बबली नामदेव सम्पर्क सूत्र 98261 76878 करा सकते है जिसमे संकल्प देकर पाठ कराया जाएगा इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन में श्री हनुमान भक्त भंडारा समिति व शक्ति वाहिनी समिति आप सभी नगर वासियो से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील करती है।

# आयुक्त ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर जरूरी व्यवस्था करने अधिकारियों को दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 चुनाव के लिये राजनांदगांव लोकसभा हेतु सुचारू मतदान के लिये आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज निगम सीमाक्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके एवं तकनीकि अधिकारियों को निर्देशित किये। मतदान केन्द्र निरीक्षण की कडी में आयुक्त श्री गुप्ता मतदान केन्द्र महेश्वरी भवन, भरकापारा स्कूल, चिखली स्कूल, नया व पुराना ढाबा स्कूल, मोतीपुर स्कूल एवं नवागांव स्कूल का जायजा लेकर तकनीकि अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्डो के मतदान केन्द्रों में सुचारू मतदान के लिये आवश्यक व्यवस्था मुहैया करावे, उन्होंने कहा कि जहॉ रैम्प नही है वहॉ रैम्प बनवाये, इसके अलावा बिजली, पानी तथा कुर्सी टेबल की पर्याप्त व्यवस्था हो इसका विशेष ध्यान रखे, मतदान केन्द्र क्रं., मतदाता संख्या आदि का स्पष्ट लेखन हो, गर्मी को ध्यान में रखते हुये स्कूल मैदान में टेण्ट लगावे। साथ ही मतदाता सहायता केन्द्र तथा संगवारी मतदान केन्द्र में भी सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतदान केन्द्रों के आस पास साफ सफाई की समुचित व्यवस्था के लिये स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी श्री पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी व प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।



# लोकसभा निर्वाचन के लिये निगम की स्वच्छता दीदीयॉ एवं सामुदायिक संगठक ने शतप्रतिशत मतदान कराने कसी कमर

■ कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदान करने कर रही है अपील
■ 26 अप्रैल को मतदान करने शपथ पत्र भरा, दे रही संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन के लिये नागरिकों को लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित कराने 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में पहॅुचकर मतदान करने निगम की स्वच्छता दीदीया एवं राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन की सामुदायिक संगठक व महिला समूह घर घर जाकर संदेश दे रही है। निगम की स्वच्छता दीदी एवं सामुदायिक संगठक राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्र के कम मतदान वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन घर घर पहॅुचकर नागरिकों को मतदान करने शपथ पत्र भराकर प्रेरित कर रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी कडी में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में निगम की स्वच्छता दीदी एवं सामुदायिक संगठक कम मतदान वाले क्षेत्रों में सत्प्रतिशत मतदान कराने कमान संभाली है। मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि विधानसभा में निगम सीमाक्षेत्र के कम मतदान वाले लगभग क्षेत्रों ममता नगर, तुलसीपुर, वर्धमान नगर, स्टेशन पारा, रेल्वे कालोनी, टाका पारा, शंकरपुर, मुदलियार कालोनी, बल्देवबाग, न्यू सिविल लाईन, महेन्द्र नगर, प्रताप नगर, कलार पारा, हमाल पारा, गोल बाजार, जूनी हटरी, दीवान पारा, सोनार पारा, ब्राम्हण पारा, गौशाला पारा, ठेठवार पारा, हीरामोती लाईन, बासपाई पारा, चौखडिया पारा, ठेठवार पारा, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, सदर बाजार, गंज लाईन, कैलाश नगर, केशर नगर कंचन बाग आदि क्षेत्रों में जहॉ एक ओर स्वच्छता दीदीयॉ कचरा संग्रहण के साथ साथ 26 अप्रैल को सत्प्रतिशत मतदान करने अपील कर रही है, वही राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन की सामुदायिक संगठक अपने कार्यो के साथ साथ नागरिकों को मतदान करने शपथ दिलाकर शपथ पत्र भरवा रहे है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि इनसे प्रेरित होकर राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन से जुडी महिला समूहो द्वारा मतदाता शपथ भी ली जा रही है। उनके द्वारा लोकतंत्र में अपनी आस्था रखते हुये अपने देश की लोकतांत्रिक परमपराओं की मर्यादा को बनाये रखने किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करने शपथ ली जा रही है।

## आचार संहिता के उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई होः कांग्रेस

**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** संसदीय क्षेत्र में भाजपा लगातार आचार संहिता का उल्लंघन पोस्टर, सोशल मीडिया, वीडियो, सभा के भाषणों कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी भूपेश बघेल के खिलाफ अनर्गल प्रचार करते हुए धार्मिक चित्रों, हेट स्पीच सहित वर्ग विशेष में शत्रुता पैदा करने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। लगातार कांग्रेस द्वारा शिकायत करने के बाद भी निर्वाचन तत्काल जांच कार्यवाही नहीं कर रही है, इस मुद्दे को लेकर आज भूपेश बघेल के निर्वाचन अभिकर्ता गिरीश देवांगन, विनोद वर्मा, लोकसभा प्रभारी प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, रुचिर गर्ग, विद्या भूषण शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, महापौर हेमा देशमुख, लोकसभा वार रूम प्रभारी जितेन्द्र मुदलियार, आयुष पांडे, शुभम शुक्ला, रीना पटेल आदि ने रिटर्निंग आफिसर को दस्तावेजी शिकायत पेन ड्राइव सहित कर कार्यवाही की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि कांग्रेस नेताओं ने समवेत स्वर में कहा कि जिस प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन भाजपा राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कर रही है।

समाचार संक्षेप

## आयुक्त ने अधिकारियों के साथ गोल बाजार, गुडाखू लाइन क्षेत्र की सफाई व्यवस्था देखी

**राजनांदगांव 22 अप्रैल।** प्रातः कालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ आज सुबह वार्ड नं. 26 व 27 में पैदल भ्रमण कर गोल बाजार क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर बाजार में प्रतिदिन साफ सफाई रखने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने, समझाईस देने एक ओर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये वही निर्माण कार्य देख जल्द पूर्ण कराने कार्यपालन अभियंता से कहा। आयुक्त श्री गुप्ता गोल बाजार, गुडाखू लाईन क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर साफ सफाई देख स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल से कहा कि चुकि बाजार भीड़ भाड वाला क्षेत्र है, इसे ध्यान में रखते हुये विशेष रूप से साफ सफाई कराया जाये, सभी कर्मचारी प्रतिदिन समय पर उपस्थित रहे तथा मेडिकल अवकाश पर रहने वाले सफाई कर्मी की मेडिकल बोर्ड से जॉच उपरांत ही अवकाश स्वीकृति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि सब्जी पसरा वाले से झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने समझाईस दे, वही फल व मछली पसरा वालों को साफ सफाई रखने दुकान व्यवस्थित रखने व सड़े गले खाद्य पदार्थो का विक्रय नही करने समझाईस देवे। आयुक्त श्री गुप्ता निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान गोल बाजार में हाईटेक शौचालय निर्माण के लिये खुले रूप में शौचालय निर्माण करने ड्राइंग डिजाईन तैयार कर चुनाव के बाद काम शुरू करने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देश दिये। उन्होंने गुडाखू लाईन में चल रहे नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ सभी निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी श्री पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी व प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी तथा स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

## तलवार लहराकर लोगों को डराने वाला व्यक्ति गिरफ्तार



**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 को थाना क्षेत्र में शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में दिनांक- 21.04.2024 को सूचना मिला की इंदिरा नगर डोंगरगढ़ निवासी अशोक कुमार मंडावी पिता स्व0 प्रेमलाल मंडावी उम्र- 27 साल करबला चौक डोंगरगढ़ के पास अपने पास लोहे का धारदार तलवार रखकर लोगों को दिखाकर लहराकर डरा धमका रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहुचकर आरोपी अशोक कुमार मण्डावी को तलवार लहराकर लोगों को डराते धमकाते रंगे हाथ पकड़कर आरोपी से एक नग लोहे का धारदार तलवार को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में चलाया जा रहा विशेष स्वीप अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम राजनांदगांव जिले में कई हफ्तों से जारी है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष स्वीप अभियान चलाकार मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। विशेष स्वीप अभियान के तहत आज राजनांदगांव शहर के कौरिनभाठा, लखोली और चिखली में स्वीप स्क्वाड द्वारा स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नगर पंचायत डोंगरगांव के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में भी स्वच्छता दीदियों द्वारा स्वीप संगोष्ठी एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि कम मतदान वाले क्षेत्रों में कम मतदान होने के कारणों का विश्लेषण किया गया है। विश्लेषण के बाद संबंधित जनपद सीईओ और सीएमओ से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में सुझाव लिए गए। कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों में स्वीप स्क्वाड द्वारा मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाया जा रहा है और मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है। स्वीप स्क्वाड में जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर निगम के अधिकारी शामिल है। कार्यक्रम में सीएमओ डोंगरगांव, एबीईओ रश्मि ठाकुर का भी सहयोग रहा।

# निर्वाचन कार्य में लगे अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से कर रहे हैं मतदान

■ जिला कार्यालय में डाक मतपत्र के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन कार्य में तैनात अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य अनिवार्य सेवा में कार्यरत व्यक्तियों ने कलेक्टोरेट स्थित सुविधा केन्द्र में आज डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। निर्वाचन कार्य के अनिवार्य सेवा में लगे ड्राइवर श्री कोमल यदु, श्री हरि यादव, श्री कृष्णा पटेल, श्री दिनू राम साहू और श्री दिलीप साहू ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया। श्री कोमल यदु, श्री हरि यादव, श्री कृष्णा पटेल, श्री दिनू राम साहू और श्री दिलीप साहू ने बताया कि वे स्कूली वाहन चलाते हैं। जिनकी ड्यूटी निर्वाचन के अंतर्गत वाहन चालक के रूप में लगी है। सभी ड्राइवरों ने कहा कि डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का अवसर मिला है, हमें बहुत खुशी हो रही है। लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने का मौका मिला है, हमें बहुत अच्छा लग रहा है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने आए शिक्षा विभाग जिला बालोद के श्री लक्ष्मण साहू ने बताया कि उनका कार्यक्षेत्र बालोद जिले में हैं। उनकी निर्वाचन ड्यूटी मतदान अधिकारी-2 के रूप में लगी है। उन्होंने बताया कि उनका नाम संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के मतदाता सूची में है। श्री साहू ने कहा कि वे डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया है। डाक मतपत्र नहीं होने से वे मतदान प्रक्रिया से वंचित हो जाते, लेकिन डाक मतपत्र के माध्यम से उन्हें मतदान करने का मौका मिला। इसी तरह जिला बालोद में सेवा दे रहे श्री मनथीरराम साहू, दिलीप कुमार साहू और श्री कमल किशोर वैष्णव ने भी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। डाक मतपत्र डालकर सभी कर्मचारियों ने नागरिकों से 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर मतदान करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य निर्वाचन कार्य में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है।

## कलेक्टर ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित सुविधा केन्द्र का किया अवलोकन

**राजनांदगांव 23 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित सुविधा केन्द्र का अवलोकन किया। उन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से निर्वाचन करा रहे मतदान अधिकारियों से मतदान के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदान करने आए कर्मचारियों से बातचीत भी की। निर्वाचन कार्य में लगे अनिवार्य सेवा मतदाताओं के लिए जिला कार्यालय में बने सुविधा केन्द्र में 22 अप्रैल से मतदान करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान 24 अप्रैल तक किया जाएगा। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य निर्वाचन कार्य में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। जिला कार्यालय में बने सुविधा केन्द्र में लोकसभा चुनाव के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन दायित्व से जुड़े मतदान दलों, सेक्टर आफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा गृह निर्वाचन क्षेत्र से दूर अन्य जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा प्रदाय की गई है।

## संपादकीय

# यह साय सरकार की बड़ी सफलता है

बस्तर में नक्सलवाद छत्तीसगढ़ बनने के पहले से गंभीर समस्या रही है। हर सरकार का दावा रहता है कि उसने नक्सलवाद की समस्या हल करने के लिए गंभीर प्रयास किए। कई सरकारे आईं गई लेकिन कभी ऐसा नहीं लगा कि नक्सल समस्या को हल करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए गए या गंभीर प्रयास किए गए। हर सरकार ने वही औपचारिक प्रयास किए जिससे ऐसा लगे सरकार नक्सल समस्या के हल के लिए प्रयास तो कर रही है, छत्तीसगढ़ राज्य बने ही 20 साल से ज्यादा हो गए हैं। इस दौरान जवान व आम लोग संख्या में ज्यादा मारे गए, नक्सली आतंक गांवों में बना रहा। कभी उन पर सरकार हावी रही तो कभी वह सरकार पर हावी रहे। कई इलाकों में तो पुलिस व सुरक्षा बल के जवान घुस तक नहीं पाते थे। कई इलाकों में नक्सली आतंक इतना था कि वहां नक्सलियों को बोर्ड लगा रहता था कि यहा से उनकी सीमा शुरू होती है। अबूझमाड़ ऐसा इलाका था जहां पुलिस व सुरक्षा बल के जवान जाते नहीं थे क्योंकि वह इलाका नक्सलियों का सुरक्षित किला था, वहां जाने का मतलब यही माना जाता था कि नक्सलयों के हाथों मारा जाना। पहले नक्सलियों का सूचना तंत्र इतना मजबूत था कि उनको जवानों के मूवमेंट की खबर लग जाती थी, वह योजना बनाकर जवानों पर हमला कर उनको मार देते थे। आए दिन जवानों व आम लोगों को नक्सलियों के हाथों मारे जाने से नक्सली आतंक बस्तर में कम नहीं होता था। वह कहीं भी कभी भी किसी को भी मार सकते थे, आज स्थिति इसके विपरीत है तो इसका बहुत कुछ श्रेय साय सरकार को जाता है। डबल इंजन की सरकार को जाता है। क्योंकि साय सरकार आने के बाद नक्सलियों के सफाए के विषय में सोचा गया और उसके लिए नीति बनाई गई कि सबसे पहले तो नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा बलों का कैंप खोलकर उनकी गतिविधियों को कम किया जाए। उनकी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। गांवों के नक्सलियों के आतंक से मुक्त कराया जाए। साय सरकार के समय चार माह में 29 कैंप खोले गए हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि नक्सल आतंक गांवों से कम हुआ, लोग पुलिस को नक्सलियों की सूचना देने लगे, विकास कार्य तेज हुए। यानी नक्सलियों के सफाए की भूमि तैयार हुई। इसके बाद हाल ही में नक्सलियों को एक के बाद एक मार गिराने की घटना हुई और राज्य के लोगों को लोगों को लगा कि अब वाकई में नक्सलियों के सफाए की गंभीर प्रयास हो रहा है। साय सरकार के समय 100 दिन में 63 मुठभेड़ हुए जिनमें 80 नक्सली मारे गए हैं। अभी इस वर्ष के आठ माह बाकी है,यानी इस साल संभवतः सबसे ज्यादा नक्सली मारे जाएंगे। नक्सलियों के बड़ी संख्या में मारे जाने का असर यह है कि अब आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की संख्या भी बढ़ गई है। पहले नक्सलियों में मारे जाने का डर कम होता था क्योंकि नक्सली हमेशा कम संख्या में मारे जाते थे और जवान व आम लोग ज्यादा संख्या में मारे जाते थे. पहली बार ऐसा हुआ है कि नक्सली ज्यादा मारे गए हैं। इससे आम लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है, उनको लगता है कि अब नक्सली उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। साय सरकार की सफलता को इन आंकड़ों से बखूबी समझा जा सकता है। लगभग सौ दिन में प्रदेश में 63 मुठभेड़ में 79 नक्सली मारे गए,165 माओवादियों ने सरेंडर किया,जबकि 394 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। इस दौरान 77 हथियार और 135 विस्फोटक बरामद किए गए हैं। इससे आदिवासियों को लगा है कि साय सरकार ने उनकी सुरक्षा के लिए जैसे प्रयास किए है, वैसे प्रयास किसी और सरकार के समय नहीं किए गए। इसका सकारात्मक असर यह हुआ है कि वह नक्सली जो हर चुनाव को प्रभावित करते थे, उसके परिणाम को प्रभावित करते थे, इस बार प्रभावित नहीं कर पाए हैं। इससे साफ है कि अब बस्तर में नक्सली कमजोर पड़ रहे हैं, वह पहले की तरह आक्रमक नहीं रह गए हैं,वह अब रक्षात्मक हो गए हैं यानी अब उनकी पूरी कोशिश खुद को बचाने की है, जबकि पहले उनकी कोशिश हमला करने व जनावों को मारने की रहती थी ताकि वह उनके इलाके में घुस न सकें। साय सरकार के समय तो जवान वहां तक घुस कर लौट आए हैं जहां तक पहले जाने में डर लगता था, इससे साफ है कि साय सरकार नक्सलियों को उन्हीं की भाषा में जवाब दे रही है।

### हनुमान जयंती

# उन्नत जीवन का आधार है हनुमान भक्ति

ललित गर्ग



भगवान हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे उन्नत जीवन के आधार है। उनसे सफल एवं सार्थक जीवन के प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं।

मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक लोकप्रियता प्रदान की है। तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं में मात्र हनुमान ही ऐसे हैं जिनकी आधुनिक युग में सर्वाधिक पूजा की जाती है और जन-जन के वे आस्था के केन्द्र हैं। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमान का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान् योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है। इससे अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है।

उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे। कहते हैं कि ब्रह्मा ने जब मनुष्य का निर्माण किया तो उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई, क्योंकि उन्हें यह अनुभूत हुआ कि उनके द्वारा सृष्ट मानव ईश्वर का साक्षात्कार करने में समर्थ है। मानव न केवल संपूर्ण प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है, प्रत्युत वह अपनी साधना के द्वारा ब्रह्मपद को भी प्राप्त कर सकता है। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर



कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये।

भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमान में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परन्तु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ, वह अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता। शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमान की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है।

हनुमान को बुद्धिमानों में अग्रगण्य माना जाता है। ऋग्वेद में उनके लिए 'विश्ववेदसम्' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका अभिप्रेत अर्थ है- विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ। हनुमान अपने युग के विद्वानों में अग्रगण्य थे। उनकी गणना सामान्य विद्वानों में नहीं, बल्कि विशिष्ट विद्वानों में की जाती थी। वाल्मीकि रामायण में हनुमान को महाबलशाली घोषित करते हुए 'बुद्धिमतां वरिष्ठं' कहना पूर्ण युक्ति संगत है। 'रामचरितमानस' में भी उनके लिए 'अतुलित बलधामं' तथा 'ज्ञानिनामग्रगण्यम' इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था।

हनुमान की विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी। ऐसे अनेक प्रसंग है जब हनुमान ने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे।

प्राचीन भारत की सर्वश्रेष्ठ भाषा संस्कृत और व्याकरण पर हनुमान का असाधारण अधिकार था। हनुमान ने सूत्र, वृत्ति, वार्तिक, महाभाष्य तथा संग्रह का भली-भांति अध्ययन किया था। अन्यान्य ग्रंथों तथा छंद-शास्त्र के ज्ञान में भी उनकी समानता करनेवाला कोई नहीं था। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमान नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी।

मारुति नंदन, परमवीर, श्रीराम भक्त हनुमानजी की पवित्र मन से की गयी साधना और भक्ति चमत्कारपूर्ण परिणाम देने वाली है। हनुमानजी शिव के अवतार माने जाते हैं और ग्यारहवें रुद्र के रूप में इनकी मान्यता है। कहते है-मर्यादा पुरुषोत्तम राम की सार्वकालिक सेवा करने एवं रावण-वध में उनका सहयोग करने के लिए भगवान राम का अवतार लेने से पूर्व ही त्रेतायुग में शिवजी ने अपने ग्यारहवें रुद्र के रूप में अवतार लिया था। वह 'हनुमानजी' के पवित्र लोकोपकारी नाम से विख्यात हुए। महादेव का हनुमान के रूप में अवतरण लेने के सन्दर्भ में कहा जाता है कि भगवान विष्णु महादेव के इष्ट देव हैं। वे उनके श्रीचरणों के शाश्वत पुजारी हैं। त्रेतायुग में रावणादि राक्षसों का सकुल संहार करके उनका उद्धार करने के लिए ही भगवान विष्णु अयोध्या के महाराज दशरथ के यहां अपनी सोलह कलाओं सहित पुत्र रूप में अवतरित हुए। अतः उनकी सेवा करने के लिए महादेव ने हनुमान के रूप में अवतार लिया।

तंत्र शास्त्र के आदि देवता और प्रवर्तक भगवान शिव हैं। इस प्रकार से हनुमानजी स्वयं भी तंत्र शास्त्र के महान पंडित हैं। समस्त देवताओं में वे शाश्वत देव हैं। परम विद्वान एवं अजर-अमर देवता हैं। वे अपने भक्तों का सदैव ध्यान रखते हैं। उनकी तंत्र-साधना, वीर-साधना है। वे रुद्रावतार और बल-वीरता एवं अखंड ब्रह्मचर्य के प्रतीक हैं। अतः उनकी उपासना के लिए साधक को सदाचारी होना अनिवार्य है। उसे मिताहारी, जितेन्द्रिय होना चाहिए। हनुमान साधना करने के लिए हर व्यक्ति उसका पालन नहीं कर सकता, इसलिए इस चेतावनी का सदैव ध्यान रखना चाहिए कि हनुमानजी को सिद्ध करने का प्रयास भौतिक सुखों की प्राप्ति या चमत्कार प्रदर्शन के लिए कभी नहीं करना चाहिए। उनकी भक्ति के माध्यम से भगवान राम के दर्शन तथा उनकी कृपा प्राप्त की जा सकती है। यह भक्ति हृदय की पवित्रता से ही संभव है और इसी से व्यक्ति घर और मन्दिर दोनों में एक-सा होता है। कहा जाता है की श्री हनुमानजी का जन्म ही राम भक्ति और उनके कार्यो को पूर्ण करने के लिए हुआ है। उनकी सांस-सांस में, उनके कण-कण में और खून के कतरे-कतरे में राम बसे हैं। एक प्रसंग में विभीषण के ताना मारने पर हनुमानजी ने सीना चिरकर भरी सभा में राम और जानकी के दर्शन अपने सीने में करा दिए थे।

हनुमान की भक्ति या उनको पाने के लिये इंसान को इंसान बनना जरूरी है। जब तक भक्ति की धारा बाहर की ओर प्रवाहित रहेगी तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। 'जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ'- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आप का उत्साह बढ़ेगा। आप अपने आपको भाग्यशाली अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको नए मौके मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको प्यार और सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचें। आप के सामने कुछ भावनात्मक चुनौतियां आएंगी। आप अपने भाई बहनों का सहयोग करेंगे। आज आप नया व्यापार शुरू करने का सोच सकते हैं। मीडिया संचार के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिलेंगे। आप किसी खुबसूरत जगह की यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा के दौरान आप अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आजअपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देंगे।

वृष राशिः आपके लिए आज का दिन खुशहाल रहेगा। आपके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। छात्रों की रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में नए अवसर मिलेंगे। लंबी यात्राओं के योग हैं। जिससे आपके व्यापार में लाभ होगा। आर्थिक रूप से मजबूती आयेगी। पारिवारिक जीवन से समस्याएं दूर होगी। आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देने की जरूरत है। आप कुछ नई योजनाओं पर काम करेंगे, जिससे अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। आप परिवार की खुशियों का पूरा ध्यान रखने की कोशिश करेंगे।

मिथुन राशिः आपके लिए सकारात्मक बदलाव लाने वाला दिन है। प्राइवेट सेक्टर में जॉब करने वाले लोगों को कोई अच्छा प्रोजेक्ट मिल सकता है। जिसमें आप अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इससे आपको लाभ होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। विभिन्न स्रोतों से आमदनी बढ़ेगी। विशेष कार्य पर खर्चे भी हो सकते हैं। आप घर के रेनोवेशन के बारे में सोच सकते हैं। आपको किसी फंक्शन में जाने का मौका मिलेगा। वहां आपकी अन्य रिश्तेदारों से मुलाकात हो सकती है।

कर्क राशिः आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आपको किसी बड़े लाभ की प्राप्ति हो सकती है। आपको आध्यात्मिक कार्यों में आनंद आएगा। किसी कोर्ट केस का नतीजा आपके पक्ष में आने की संभावना है। आपके विरोधी कुछ परेशानियां खड़ी करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके परिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। आप परिवार के साथ छोटी मोटी यात्राओं पर जा सकते हैं। जिससे जीवन में खुशियां आएगी। कार्य क्षेत्र में आने वाली किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटेंगे।

सिंह राशिः आपके लिए सफलता दिलाने वाला दिन है। आपके सभी काम बनेंगे। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। जिसमें आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। कुछ कार्यों को लेकर आज भागदौड़ हो सकती है। आज पॉजिटिव सोच रखें। आपके वैवाहिक रिश्ते में अच्छी बॉन्डिंग बनेगी। परिवार का पूरा सपोर्ट मिलेगा। बिजनेस करने के लिए दिन अच्छा है, पूरी टीम में उत्साह दिखाई देगा। अच्छे लाभ की संभावना है। बिजनेस संबंधी कोई यात्रा हो सकती है। संतान की ओर से कोई गुड न्यूज़ मिल सकती है। जिससे आपको प्रसन्नता होगी।

कन्या राशिः आपके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। नौकरी में बॉस का सहयोग मिलेगा। जिससे आपको काफी लाभ होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में तालमेल अच्छा बना रहेगा। आपको किसी के माध्यम से धन लाभ हो सकता है। आपके परिवार में आनंद का वातावरण बना रहेगा। आपका सोशल सर्कल बढ़ेगा। बिजनेस रिलेटेड आपकी कोई यात्रा हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें खान-पान की आदतों में सुधार करें। आपके व्यवसाय में परिवर्तन होने की संभावना है।

तुला राशिः आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन रहेगा। आज आपकी किसी अनुभवी व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। जिससे आपको अच्छा सहयोग मिलेगा। आपके व्यापार में लाभ होगा। किसी पारिवारिक आयोजन पर धन खर्च हो सकता है। ऐसा करना आपके पारिवारिक रिश्ते को और भी मजबूत बनाएगा। जीवनसाथी के साथ रिश्ते मधुर होंगे। अगर आप अविवाहित हैं तो विवाह के योग बन रहे हैं। आप किसी सामाजिक कार्य में भी सहयोग करेंगे। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी इलेक्ट्रॉनिक तथा हार्डवेयर से जुड़े लोगों के लिए लाभ की संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहने वाला है।

वृश्चिक राशिः आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक सुख शांति बनी रहेगी। कार्य क्षेत्र में आपको आज ज्यादा काम मिल सकता है। आपको आपके कलीग्स से पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार करने को लाभ के योग हैं। पहले किए गए निवेश से फायदा होगा। प्राइवेट सेक्टर में काम करने को आर्थिक लाभ के संकेत हैं। आज आप अधिक उत्तेजित होने से बचें। पॉजिटिविटी लाने का प्रयास करें। छात्र कोई विदेशी भाषा सीखने का कोर्स कर सकते हैं। समय का सदुपयोग करें। दांपत्य जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखे। छात्रों को शिक्षा में पूर्ण सफलता प्राप्त होगी।

धनु राशिः आज के दिन आपकी पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज कार्य क्षेत्र में काम का दबाव रहेगा। आप समय पर कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके करियर में प्रगति के योग हैं। खुद का व्यवसाय करने को अपने विरोधियों का सामना करना पड़ सकता है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को विदेश में पढ़ने के अवसर मिलेंगे। अचानक खर्च बढ़ सकता है। किसी यात्रा पर जाने के योग हैं। पारिवारिक स्थिति अच्छी रहेगी। किसी संपत्ति को लेकर भाग दौड़ हो सकता है। शांति और विनम्रता से मुद्दों को हल करने की कोशिश करें।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपको नई नौकरी के लिए कोई ऑफर आ सकता है। पारिवारजनों के आपसी तालमेल बनाकर रखें। व्यापार करने के लिए अच्छे लाभ की प्रबल संभावना है। कहीं किए गए निवेश का अच्छा रिटर्न मिलेगा। विद्यार्थियों की रूचि खेलकूद में बढ़ेगी। आपको अच्छे धन लाभ के योग हैं। आज आपको परिवार और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य का ख्याल रखें रूटीन चेकअप कराते रहें। घरेलू जीवन के लिए यह समय काफी अच्छा रह सकता है। आपके स्वभाव में धर्म के प्रति रुचि जाग्रत होगी।

कुंभ राशिः आपका दिन अच्छा बीतेगा। आप अच्छी रणनीति के साथ कार्यक्षेत्र का काम करेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके तालमेल अच्छे रहेंगे। आप अपने जीवनसाथी के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। पारिवारिक खर्च बढ़ेंगे। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि रहेगी। आप परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं। व्यापारी वर्ग को अपने विरोधियों का सामना करना पड़ सकता है। अपनी योजनाएं दूसरों से साझा ना करें। रिसर्च कर रहे लोगों को विदेश जाने का मौका मिलेगा। अचानक कहीं से धन लाभ के योग हैं। स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखें। समय पर भोजन करें। नियमित योग और व्यायाम की आदत डालें।

मीन राशिः आज आपका दिन लकी रहेगा। किसी सिलसिले में विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है। आपका मन अध्यात्म में लगेगा। कार्य क्षेत्र में कुछ चुनौतियां आ सकती हैं। आप अपनी समझदारी से आगे बढ़ेंगे, आपको लाभ होगा। आज आप अपने व्यापार को और बढ़ाने के लिए नया प्लान बनायेंगे, योजनाएं सफल होंगी। आज आपको किसी से बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण रखें। आज आप किसी भी मामले को बातचीत से हल करने का प्रयास करें। वैवाहिक जीवन में मधुरता रहेगी। बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपने खानपान का ध्यान दें। आर्थिक दृष्टिकोण से यह समय आपके लिए अच्छा रहेगा।

### व्यंग्य

# हाय-हाय यह गर्मी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

कुछ कहावतें समय के साथ बदलती रहती हैं। जैसे तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा। लेकिन पंखे की तीन पत्तियाँ तीन तिगाड़ा तो कतई नहीं हो सकती। गर्मी के दिनों में वो न हो तो आदमी का बिगाड़ा हो सकता है। जिस प्रकार ब्रह्मा, विष्णु, महेश की तिकड़ी दुनिया चलाती है, ठीक उसी तरह पंखे की तीन पत्तियाँ मेरे घर को। पंखे की स्पीड पाँच की हो तो कहना ही क्या, बिखरे हुए अखबार के पन्नों की तरह सब कुछ फड़फड़ाने लगता है। पंखा पुराण में नाना प्रकार की कष्ट लीलाएँ वर्णित हैं। पंखा न चले तो बच्चे घर से भाग जाते हैं। सब्जियाँ खराब हो जाती हैं। गर्मी में जिन कपड़ों को धोने के लिए पांच मिनट लगते हैं, वही पसीने से तर-बतर होने के लिए दो मिनट। कभी-कभी तो लगता है कि मैगी नूडल्स ने दो मिनट का फार्मूला यहीं से चुराया है।

पंखे के बंद होते मैं इस तरह छटपटाने लगता हूँ जैसे बिन पानी मछली। वैसे मछलियाँ बरसात के दिनों में भी सुरक्षित नहीं होती। भूख के आगे सभी अभागे हैं। कभी-कभी सोचता हूँ यह पंखा न होता तो क्या होता? न मेरी शादी होती, न मेरे बच्चे। या यूँ कहिए कि दुनिया ही नहीं होती। बहरहाल, पंखे के बंद होते ही, सारा-का-सारा माहौल अचानक से पसीने का पानीपत बन जाता है। कभी आप बगलों को खुजलाते हैं तो कभी सिर। कभी पीठ को खुजलाते हैं तो कभी कुछ। ऐसे समय में हमें अपने शरीर पर बड़ा पछतावा होता है। भगवान से प्रार्थना करते दिखाई देते हैं कि यह गर्मी का मौसम क्यों बनाया? बनाया तो बनाया बदन खुजलाने के लिए और दो-चार हाथ क्यों नहीं दिए? सच कहें तो पंखे का बंद होना समस्त मानवजाति के लिए अभिशाप बन जाता है। पंखा है तो हवा है। हवा है तो वाह-वाह है। नहीं तो आह-आह है।






गर्मी के दिनों में वैसे तो सब कुछ जल्दी पकता है, लेकिन दिमाग का नंबर पहले आता है। इन दिनों में सरल वाक्यों का प्रयोग श्रेष्ठ माना जाता है। संयुक्त अथवा मिश्रित वाक्यों से खोपड़िया कुछ ज्यादा ही पक जाती है। ऐसे में मनुष्य गलतियों का पुतला वाली उक्ति को चरितार्थ करने में अपना सब कुछ लगा देता है। यही कारण है कि जब कोई किसी के घर जाता है तो उसके लिए टेबल वाला तीन पत्तियों का झेलनदार तीव्र गति में दौड़ा दिया जाता है। उसके बाद पानी, शरबत और आवभगत की अन्य सामग्री दी जाती है। गर्मी की दुपहरिया में जब सूर्य सिर को भूमध्य रेखा समझ शून्य डिग्री पर प्रयाण करता है तब सुनने, समझने और बोलने की क्षमता समाप्त हो जाती है। डैड डेड की तरह, मम्मी मिस्र की मम्मी की तरह दिखाई देने लगते हैं।

गर्मी के दिनों में बिजली चली जाए तो सबके मुँह से एक ही वाक्य निकलता है- बिजली कब आएगी? गर्मी के दिनों में बिजली को छुप्पम-छुपाई खेलने का बड़ा शौक होता है। आदमी जब तक जीने की आस न छोड़ दे तब तक उसके दर्शन नहीं होते। थोड़ी सी हवा भी कहीं से आ जाए तो मानो ऐसा लगता है जैसे पंखा चल पड़ा। अब भला पंखा सरकार थोड़े न है कि भेड़-बकरियों के वोट से चल पड़ेगा। इसके लिए बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जो कि इस समय मंहगाई को छोड़कर कहीं दूसरी जगह दिखाई नहीं देती। मैं तो कहूँ महंगाई की बिजली से सपनों का पंखा चलाइए और इस जिंदगी से छुटकारा पाइए।

### चिन्तन

# स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत

डा. रवीन्द्र अरजरिया

देश में चुनावी जंग जारी है। सभी राजनैतिक पार्टियां अपनी निर्धारित नीतियों-रीतियों के अलावा तात्कालिक हथकण्डे आजमाने में लगीं हैं। बंगाल का चुनावी इतिहास आतंक के साये में हमेशा से ही फलता-फूलता रहा है। कभी लाल सलाम का रंग चढता रहा तो कभी दीदी की दादागिरी चलती रही। घुसपैठियों की दम पर सत्ता हथियाने की मुहिम चलाने वाली तृणमूल मुखिया पर तो देश की सरकारी एजेन्सियों तक पर आक्रमण करवाने के आरोप लगते रहे हैं। पूर्व घोषित दंगों का व्यवहारिक स्वरूप सामने आने के बाद से तो वहां के आम निवासियों में भय व्याप्त होने लगा है। पुलिस के सामने ही अपराधों का कीर्तिमान गढने का जो सिलसिला प्रारम्भ हुआ, वह निरंतर जारी है। तुष्टीकरण के हथियार से देश को रक्तरंजित करने का षडयंत्र करने वाली पार्टियां कभी देश के टुकडे-टुकडे गैंग को चुनावी जंग में जहरीली सोच के साथ उतारतीं हैं तो कभी आतंक के पर्याय रहने वालों को गले लगाते हैं। सिध्दान्तों की होली जलाकर स्वार्थ सिध्दि का परिणाम पाने वालों की संख्या में निरंतर बढोत्तरी होती जा रही है। हिन्दूवादी छवि के साथ बाला साहब ठाकरे ने शिवसेना का गठन किया था। उनके शरीर त्यागते ही पार्टी हथियाने का संग्राम शुरू हो गया। विरोधी नीतियों के पक्षधरों के साथ मिलकर सत्ता-सिंहासन लेने का क्रम चल निकला। मुसलमानों को संरक्षण देने के नाम पर बनाई गई आल इण्डिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने अनेक अवसरों पर विरोधियों को गले लगाकर अपने सिध्दान्तों को कफन पहना दिया। दलितों की मसीहा बनने वाली बहुजन समाज पार्टी की नीतियों ने आधारभूत सिध्दान्तों को तिलांजलि देकर अपने विरोधियों के साथ मिलकर अनेक बार सरकार बनाई। जनता दल यूनाइटेड ने तो अपने आदर्शो को स्वार्थ की देहलीज पर किस्तों में कत्ल करके अनेक बार सत्ता पर काबिज हुई। स्वार्थपूर्ति में बाधा पडते ही असंतुष्टों व्दारा तो पुराने संगठन से दूरी बनाकर स्वयं के दल की घोषणा तक की जाती रही है। शासक बनने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार लोगों ने देश की अतीतकालीन संवेदनाओं, भावनाओं और चिन्तन को अनन्त गहराई में दफन कर दिया है। इस सारे क्रिया कलापों का स्पष्ट प्रतिबिम्ब राजनैतिक दलों के घोषणा पत्रों, न्याय पत्रों, संकल्प पत्रों आदि में परिलक्षित हो रहा है। अनेक दलों के संयुक्त गठबंधनों की अपनी कोई सांझी कार्ययोजना सामने नहीं आई है। गठबंधनों के सभी दल अपनी अगल-अलग सोच को लेकर सत्ता में पहुचने के बाद व्यवहार में लाने वाली कार्ययोजना का ढांचा प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे में गठबंधनों का स्वयं का अस्तित्व ही खतरे में दिखाई पड रहा है। मुट्ठी भर सीटों पर चुनाव लडने वाले दल भी राष्टीय नीतियों के निर्धारण करने में जुटे हैं। कहीं साम्प्रदायिक खाई को चौडा करने की होड लगी है तो कहीं जातिगत जनगणना के आधार पर शक्ति संघर्ष का आधार तैयार किया जा रहा है। कहीं अलग-अलग विशेषाधिकारों की वकालत हो रही है कहीं स्वतंत्रता के विकृत मायने परोसे जा रहे हैं। स्वार्थ की जंग में राष्टीयता की शहादत लेने वालों को देश का सम्मान, विकास और सौहार्द की कतई चिन्ता नहीं है। वे नेत्रवान होने के बाद भी धृतराष्ट बनने पर तुले हैं, मीरजाफर बनकर सुख बटोरना चाहते हैं और करना चाहते हैं किसी भी कीमत पर स्वार्थपूर्ति। ऐसे लोगों को राष्टवादी तो क्या राष्ट का नागरिक तक कहना, शर्म की बात है। जिस देश के नागरिक अपनी धरती से उगने वाले अन्न और बहने वाले पानी पर जीवन यापन करने के बाद भी उसके टुकडे-टुकडे करने का मंसूबा पाल रहे हों वहां पर शान्ति, सुख और समृध्दि की बयार कभी भी जीवनदायिनी वायु नहीं बन सकती। अतीत में कोलकता के रास्ते से गोरों ने विनाश का दूत बनकर प्रवेश किया तो वहीं से सुभाषचन्द्र बोस जैसे स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा ने भी स्वाधीनता का शंखनाद किया था। मगर गोरों की चालों ने राष्टनायक सुभाष को गुमनामी के अंधेरे में ढकेलकर अपने चमचों को देश का महान नेता बना दिया था। आजाद हिन्द फौज के रणबांकुरों से भयभीत होकर देश छोडने पर मजबूर हुए गोरों ने जाते-जाते मजहब के नाम पर देश को टुकडों में विभाजित कर दिया था किन्तु आज अनेक राजनैतिक दल हमारे भारत के पुनः टुकडे करने पर तुले हैं। विभाजनकारी, विध्वंशकारी और विनाशकारी सोच को संरक्षण देने वालों को मुंह तोड जबाब दिये बिना राष्ट को विकास के रास्ते पर ले जाना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। ऐसे में व्यक्तिगत हितों को त्यागकर राष्ट हित के आधार पर ही मतदान करना आवश्यक नहीं बल्कि नितांत आवश्यक है, तभी देश बच सकेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें

कार्यस्थल पर कोई भी निर्णय लेते समय देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों के समूह से मुलाकात के दौरान कहा। आर्थिक संकेतक प्रगति के उपयोगी मापदंड माने जाते हैं, इसलिए सरकारी नीतियों को प्रभावी और उपयोगी बनाने में अर्थशास्त्रियों की भूमिका को उन्होंने बहुत उपयोगी बताया। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में उन्हें आने वाले समय में अपनी क्षमताओं को पूरी तरह विकसित कर उनका उपयोग करने के असंख्य अवसर मिलेंगे। कार्यस्थल पर नीतिगत सुझाव देते समय या निर्णय लेते हुए देश के गरीब और पिछड़े वर्गों के हितों का ध्यान रखें। आर्थिक विश्लेषण और विकास कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही संसाधन वितरण प्रणाली और योजनाओं के मूल्यांकन के लिए उचित सलाह प्रदान करने की बात भी उन्होंने की। 2022-2023 के बैच के आईईएस अधिकारियों में 60त्न महिलाओं के होने की बात की और इससे महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए काम करने का आग्रह भी किया। ऐसे दौर में जब आर्थिक विसंगतियां बढ़ती जा रही हैं, राष्ट्रपति द्वारा अधिकारियों को यह सलाह देना देशवासियों के प्रति उनके मानवतावादी रवैये का द्योतक है। गरीबों और जरूरतमंदों के लिए बनाई गई सरकारी नीतियां जब तक प्रभावी नहीं होंगी, तब तक उनका लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचना मुश्किल है। देखने में आता है कि सरकारें योजनाएं बना कर उन्हें बिसरा देती हैं। उच्चाधिकारियों के हाथ में है कि वे इनका क्रियान्वयन सुबीते से करें। निस्संदेह इस तरह की नौकरियों में देश के हर वर्ग और हर प्रांत के अधिकारियों का चयन होता है, इसलिए उन्हें बुनियादी समस्याओं और संकटों का भान होता है। स्वयं राष्ट्रपति ऐसे समुदाय और वर्ग से निकल कर सबसे बड़े पद तक पहुंची हैं कि उन्हें देशवासियों की समस्याओं का न केवल अहसास है, बल्कि गरीबों और महिलाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियों को भी उन्होंने करीब से देखा है।

# आंवला खाएं, 1 महीने में ही मोटापा घटाएं, गजब हैं इसके फायदे

वजन बढ़ने से कई सारी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है. यह फिटनेस को भी बुरी तरह प्रभावित करता है. इसलिए लोग इससे बचने के लिए खाना कम कर देते हैं या फिजिकल एक्टिविटीज बढ़ा देते हैं.

वजन बढ़ने से कई सारी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है. यह फिटनेस को भी बुरी तरह प्रभावित करता है. इसलिए लोग इससे बचने के लिए खाना कम कर देते हैं या फिजिकल एक्टिविटीज बढ़ा देते हैं.

वजन कम करने के लिए खाना छोड़ देना और पसीना बहाना पुरानी तरकीब हो गई है. अब स्मार्ट तरीके से अपना वेट लॉस कर सकते हैं. सही फूड्स, कैलोरी इनटेक और नॉर्मल फिजिकल एक्टिविटी से सिर्फ 1 महीने में वजन कम कर सकते हैं.

इसमें आंवला आपकी मदद कर सकता है. इससे आप अपने वजन को तेजी से कम कर फिटनेस को बेहतर बना सकते हैं. आइए जानते हैं आंवला खाने के क्या फायदे हैं...



आंवला खाने से बेली फैट तेजी से कम हो सकता है. इसमें फाइबर ज्यादा होने से भूख लंबे समय तक महसूस नहीं होती है, जिससे कैलोरी इनटेक कम होता है. हार्वर्ड के अनुसार, वेट लॉस के लिए फाइबर बढ़ाना काफी जरूरी है. यह फूड डायजेशन में सुधारकर फैट को बर्न करता है.

आंवला खट्टा होता है, जिससे इसका जूस पीना लोग ज्यादा पसंद करते हैं लेकिन इससे फाइबर नहीं मिल पाता है और वजन कम भी नहीं होता है. ऐसे में आंवले की चाय ज्यादा फायदेमंद है.

इसके लिए एक बर्तन में 4 कप पानी, 1 चम्मच आंवला पाउडर, 1 चम्मच सोंठ डालकर तब तक उबालें, जब तक पानी 1 कप न रह जाए. इसके बाद इसे एक गिलास में निकाल लें. उसमें हल्का काला नमक और शहद मिलाकर पिएं. डायबिटीज मरीजों के लिए यह काफी अच्छा माना जाता है.

आंवले में क्रोमियम पाया जाता है, जो खाने के बाद बढ़ने वाले शुगर को रोकता है. डायबिटीज में यह काफी फायदेमंद होता है. आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है. इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं, जो चेहरे की चमक को बढ़ाने का काम करते हैं. ब्लड फ्लो में भी सहायक होते हैं, जिससे चेहरा खिलता है.

एक नजर

### दुर्गूकोंदल में टाइम नल से पेयजल की आपूर्ति शुरू

**कांकेर, 23 अप्रैल।** जिले के दुर्गूकोंदल विकासखंड मुख्यालय में स्थापित टाइम नल के मरम्मत की बाद संबंधित क्षेत्र के घरों में पेयजल की आपूर्ति शुरू हो गई है। इससे अब ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या से राहत मिली है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने टाइम नल की मोटर खराब होने के कारण पानी सप्लाई बाधित होने की जानकारी मिलने पर मोटर की मरम्मत के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए थे। इसके बाद आज दुर्गूकोंदल के खराब टाइम नल की मरम्मत कराते हुए पंचायत द्वारा नयी मोटर लगाई गई है, जिससे गांव में सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति हो रही है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि ग्राम दुर्गूकोंदल में जल जीवन मिशन अन्तर्गत 55 कि0ली0 उच्च स्तरीय जलागार निर्माण, पाइप लाइन विस्तार और घरेलू नल कनेक्शन शुरू किया गया था, परन्तु पावर पंप खराब होने के कारण पानी सप्लाई बंद था। विभाग द्वारा उसकी मरम्मत करवाकर नवीन पावर पंप लगाया गया है, जिससे शीतलापारा, बाजारपारा एवं ऊपरपारा में पानी की सप्लाई प्रारंभ कर दी गई है तथा टाइम नल पूर्ण रूप से क्रियाशील है, जिससे ग्रामवासी संतुष्ट हैं। साथ ही ग्राम के सभी बसाहटों में स्थापित कुल 28 हैण्डपंप चालू है एवं अन्य विभाग का 12 हैण्डपंप भी स्थापित है। उल्लेखनीय है कि दुर्गूकोंदल में तीन दिनों से पानी की सप्लाई बंद होने से ग्रामीणों के पानी के लिए भटकने की खबर आई थी, जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कराने विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया था।

### कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का निशुल्क प्रशिक्षण 2 मई से

सारंगढ़-बिलाईगढ़, 23 अप्रैल । रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 2 मई से शुरू होने वाले कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग के निशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन वाट्सअप नंबर 7974942078 में किया जा सकता है।

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का 45 दिवसीय प्रशिक्षण 02 मई 2024 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुका हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिये इस न बर पर वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं।

### निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के सुगम संचालन का दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा, 23 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन के लिए विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों का कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ. एम.एम.जोशी द्वारा दो पालियों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप मिश्रा, नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी, सेक्टर आफिसर, मास्टर ट्रेनर, पटवारी, रोजगार सहायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक जि मेदारी वाला कार्य है जिसे सभी को सावधानीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के समय यह महत्वपूर्ण होता है कि जिस मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगी है उसके लिए उसी मतदान केन्द्र की सामग्री उसे दें। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के संबंध में मतदान अधिकारी के ड्यूटी आदेश को देखकर उसे उसी मतदान केन्द्र के संबंध में निर्वाचन सामग्री प्रदान करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सामग्री वापसी के दौरान ईव्हीएम मशीन के साथ विशेष पहचान वाले महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक वापस लेना होगा। सभी कर्मचारियों द्वारा सामग्री वितरण एवं जमा कार्य में एकरूपता व समानता होनी चाहिए, इस हेतु प्रशिक्षण पर गंभीरता से ध्यान दे। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान दलों को दी जाने वाली सामग्री किट में निर्धारित सामग्री उपलब्ध कराई जाये ताकि बिना त्रुटि के मतदान दल रवाना हो सकें।मास्टर टेञनर्स श्री जोशी ने बताया कि जिले में कोरबा एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव समाग्री का वितरण एवं वापसी आई.टी.कॉलेज झगरहा कोरबा और विधानसभा कटघोरा एवं पाली-तानाखार के लिए शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा से चुनाव सामग्री का वितरण एवं जमा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 6 मई को प्रातः सात बजे से दोनों केंद्रों पर मतदान दलों को सामग्री वितरित की जायेगी तथा 07 मई को शाम सात बजे से सामग्री जमा की जायेगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए विधानसभावार व्यवस्था की गई है। जिसमें सेक्टर के आधार पर काउंटर बनाया जाएगा। विधानसभावार एक-एक पूछताछ केन्द्र बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस काउंटर से सामग्री वितरण किया जाएगा ।

# प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी सुविधाएं मुहैया कराने के दिए निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 23 अप्रैल।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अनिल अग्रवाल ने आज विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गरियाबंद, मालगांव एवं बारूका के मतदान केंद्रों में पहुकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रेक्षक ने बीएलओ से मतदान पर्ची एवं मार्गदर्शिका पुस्तिका वितरण की जानकारी ली। इस पर बताया गया कि मतदान पर्ची का वितरण मतदाताओं को किया जा चुका है। इसके अलावा मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करने अपील सह आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने मतदाताओं को आसानी से मतदान केन्द्रों की जानकारी मिले, इसके लिए कमरों के बाहर सूचना बोर्ड प्रदर्शित करने एवं बाउंड्रीवाल पर भी लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदाता सूची का मिलान कर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो इसे अवश्य ध्यान रखे। मतदान केन्द्रों पर महिला शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कर साफ-सफाई कराये। साथ ही पुरूष एवं महिला मतदाताओं के लिए अलग से शौचालय बनाये तथा उसकी जानकारी भी मतदाताओं को अवश्य दे। इसके अलावा मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, छाया आदि क्रियाशील रहे, इसका भी ध्यान रखे। उन्होंने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किये गये दीवाल लेखन, मतदान का समय, कुल मतदाता, महिला-पुरूष, मतदान केन्द्र का नाम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम भी अंकित हो तथा दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प व मतदान केन्द्रों में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया और मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ से कहा कि गांव में लोगों को मतदान दिवस 26 अप्रैल को है, इसकी जानकारी गांव वालों को भी बताये और संबंधित मतदान केंद्र में जाकर अवश्य मतदान करे यह जरूर बताये। बूथ लेवल अधिकारी से मतदाताओं की जानकारी लेकर सभी मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्र का अवलोकन करने के साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उन्हें चुनाव के दिन 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर एसडीएम श्री विशाल महाराणा, सीएमओ श्रीमती संध्या वर्मा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस.के बर्मन सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## आपके एक-एक वोट का बहुत महत्व है: जेपी नड्डा

**लोरमी, 23 अप्रैल ।** बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज लोरमी में जनसभा को संबोधित किया। संबोधित में उन्होंने कहा कि मैं आप सबको सबसे पहले हाथ जोड़कर धन्यवाद देना चाहता हूं। क्योंकि × महीने पहले, मैं विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए यहां आया था और आपने प्रधानमंत्री मोदी जी के निवेदन को सुना-समझा। और आपने बघेल की कुशासित सरकार को उखाड़ फेंका और भाजपा की सरकार बनाई। चुनाव में आपके वोट का बहुत महत्व है, आपका वोट बहुत बड़े-बड़े कार्य कराता है और बड़े-बड़े फैसले लेने की ताकत रखता है। आपने 2014 में मोदी जी को चुनाव जिताया। जो भारत देश पिछड़ रहा था, वो 5 साल के अंदर दुनिया के अग्रणी देशों में आकर खड़ा हो गया है। 1947 में देश विभाजन के बाद पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में काफी लोगों को धार्मिक रूप से प्रताड़ित करके वहां से निकाला गया था। उनको नागरिकता देने की बात तो सभी करते थे, लेकिन नागरिकता देने की हि मत किसी में नहीं थी, क्योंकि सभी तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति में डूबे हुए थे। मोदी जी को आपने ताकत दी, उन्होंने ष्ट लागू किया और जो लोग भारत में आए थे, उन्हें नागरिकता देने का काम किया गया। हमारे प्रधानमंत्री जी ने 2014 में कहा था कि मेरी सरकार गरीब, गांव, वंचित, दलित, महिला सशक्तिकरण, किसान और युवाओं के लिए समर्पित है। आज गांवों का सर्वांगीण विकास हुआ है। आज मोदी जी के नेतृत्व में 4 करोड़ पक्के घर बनकर तैयार हुए हैं। ये मकान सभी सुविधाओं से युक्त हैं। आप एक बार फिर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएंगे और हम 5 साल में × करोड़ घर और बनाएंगे। आज मोदी जी के नेतृत्व भारत 11वें स्थान से छलांग लगाकर विश्व में 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। अब मोदी जी को आप तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे ।

### दिव्यांग रथ ने डौंडीलोहारा ब्लाक के विभिन्न ग्रामों में परिवहन सुविधा का किया प्रचार

**बालोद, 23 अप्रैल ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के मतदान केन्द्र तक आने-जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान किए जाने हेतु शुरू किए गए दिव्यांग रथ का प्रचार वाहन आज डौंडीलोहारा विकासखण्ड पहुँचा। प्रचार वाहन के माध्यम से डौंडीलोहारा विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर लोगों को उक्त वाहन के माध्यम से मतदान दिवस पर मिलने वाली सुविधा का प्रचार-प्रसार किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा की गई नई व्यवस्था के फलस्वरूप चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगों एवं 80 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को अब अपने मताधिकार के प्रयोग करने हेतु मतदान केन्द्र तक आने-जाने में किसी प्रकार की भी परेशानी नही होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई नई व्यवस्था के तहत इन मतदाताओं को अब 1950 नंबर डायल कर अपने नाम का पंजीयन कराने के पश्चात् मतदान तिथि को उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु मतदान केन्द्र तक आने-जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान की जाएगी।

## मतदान कराने में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : कलेक्टर

**बालोद, 23 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सेक्टर अधिकारी स पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत नियुक्त किए गए जिले के सभी सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिससे की बालोद जिले में निर्विघ्न रूप से एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हो सके। बैठक में जिला पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक सहित सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, तहसीलदार, जनपद पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी एवं मु य नगर पालिका अधिकारियों के अलावा सेक्टर अधिकारीगण उपस्थित थे।

श्री चन्द्रवाल ने सभी सेक्टर अधिकारियों को पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में स पूर्ण जानकारी प्राप्त करने को कहा। जिससे की उन्हें कार्य संपादन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों के अंतर्गत जिले में किसी भी स्थिति में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति निर्मित नही होनी चाहिए। इसके लिए निर्वाचन संबंधी कार्यों को शत प्रतिशत सही एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। श्री चन्द्रवाल ने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने अधिनस्थ सभी मतदान केन्द्रों के साथ-साथ संगवारी एवं दिव्यांग मतदान केन्द्रों का तत्काल निरीक्षण कर वहाँ सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने प्रभार क्षेत्रों में मोबाईल नेटवर्क का भी जाँच करने के निर्देश दिए। जिससे की मतदान के दौरान जानकारी प्रेषित करने तथा संपर्क स्थापित करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस से 72 घण्टे पूर्व की तैयारियों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के अंतर्गत अपने प्रभार वाले सभी मतदान केन्द्रों में रै प, पेयजल, बिजली की सुविधा के अलावा शौचालय, छांव, पर्याप्त फर्नीचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।इसके अलावा उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस से 48 घण्टे पूर्व की तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इसके अंतर्गत उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान दलों के ठहरने, रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने मतदान दिवस से 24 घण्टे पूर्व की जाने वाली तैयारियों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अंतर्गत उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण केन्द्र पर अपने जोन के सभी मतदान केन्द्रों के सभी पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने एवं सामग्री वितरण काउंटर से सामग्री प्राप्त करवा लेने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने अपने जोन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर, वेब कास्टिंग दल और वीडियोग्राफी की जानकारी भी एकत्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने जोन क्षेत्र के रूट चार्ट के अनुसार मतदाताओं को लेकर जाने वाले वाहनों और संबंधित वाहन प्रभारियों की जानकारी भी प्राप्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक ने भी सेक्टर अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कम राशन दिया जा रहा



**सुकमा।** सुकमा बस स्टेण्ड के सामने सोसायटी मे दो महीने का इंट्री कर के एक महीने का राशन दिया जा रहा है जबकि सरकार का निर्देश है दो महीने का राशन दिया जाए सुबह से भीड़ है पर अब तक राशन नहीं मिल रहा है

### मतदाता सूची से नाम विलोपित होने की शिकायत

**कोरबा, 23 अप्रैल ।** निर्वाचन शाखा की विभागीय गलती और कार्य में लगे कर्मचारियों की लापरवाही से मतदाता सूची से नाम विलोपित होने की शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की गई है। मोहन सिंह प्रधान, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ महतारी संस्कृति संवर्धन सेवा समिति ने मामले की शिकायत की है। उनका कहना है यह एक अति गंभीर मामला है जिसमें वर्तमान में होने वाले लोकसभा चुनाव में जो मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया उसमें से मेरा नाम को काट दिया गया है। जबकि मेरे पूरे आश्रितों का नाम जिनका मैं अभिभावक हूं उन सभी परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में उपलब्ध है। यह जानकर आश्चर्य हो रहा है कि किस आधार पर मेरा नाम मतदाता सूची से बाहर किया गया है और इसमें शामिल अधिकारी एवं कर्मचारियों की क्या मंशा है। इस तरह की गलती वास्तव में एक गंभीर अपराध एवं सिविल सेवा आचार संहिता का उलंघन हैनिर्वाचन शाखा कोरबा में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों के इस किए गए गलती के कारण उन्हें लोकसभा चुनाव में अपना मताधिकार प्रयोग के लिए वंचित होना पड़ेगा। उपरोक्त संदर्भ में बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा 18 अप्रैल को जानकारी मिली कि आपका नाम मतदाता सूची से विलोपित कर दिया गया है ।

### पुलिस ने मार्केटिंग कंपनी से रकम वापस दिला युवकों को किया गृहग्राम रवाना

**कोरबा, 23 अप्रैल ।** शहर में कई ऐसी मार्केटिंग कंपनियां संचालित है, जहां बेरोजगारों को अ'छी नौकरी व वेतन का सब्जबाग दिखाकर लूटा जा रहा। यदि कोई बेरोजगार नौकरी की लालच में एक बार फंस गया तो उसके लिए कंपनी से बाहर निकलना चुनौती से कम नहीं है। ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसमें मीडियाकर्मियों के सहयोग से दो युवक थाना तक पहुंचने में कामयाब हो गए। उन्होंने पुलिस के सामने अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न सिर्फ दोनों युवक को कंपनी के चंगुल से बाहर निकाला, बल्कि उनकी जमा राशि वापस दिलाते हुए गृहग्राम के लिए रवाना किया।यह पूरा वाक्या सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र की है। दरअसल मीडियाकर्मियों को दो युवक ने वाट्सअप कालिंग कर सूचना दी कि वे पड़ोसी जिले के रहने वाले हैं। उन्हें खरमोरा क्षेत्र में संचालित जीपीआई कंपनी के कैंप से निकलने नहीं दिया जा रहा, जबकि वे काम छोड़कर जाना चाहते हैं। उन्होंने किसी तरह लुक छिपकर कॉल करने की बात कही। उन्होंने कंपनी के कैंप का लाइव लोकेशन भेज दिया, जिसकी मदद से मीडियाकर्मी खरमोरा-दादर मार्ग में एक स्थान पर पहुंचे। इसकी जानकारी होने पर नजरें बचाकर दोनों युवक बाहर आ गए। वे मीडियाकर्मियों की मदद से सिविल लाइन थाना पहुंचने में कामयाब हो गए। थाना प्रभारी सुमन पोया को पूछताछ के दौरान युवकों ने अपना नाम बिलासपुर जिले के कोटा इमलीपारा निवासी टारजन कुमार टांडे (18) व रितिक पात्रे (18) बताया। उन्होंने जानकारी दी कि गांव का रहने वाला रवि नामक उनके खास दोस्त ने कोरबा में जीपीआई नामक कंपनी संचालित होने की जानकारी दी।

## होम वोटिंग के लिए प्रेक्षक की उपस्थिति में सेक्टर एवं मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा, 23 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग कराने के लिए कोरबा जिले हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सेक्टर ऑफिसर्स एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत, सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, सभी रिटर्निंग अधिकारी विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सामान्य प्रेक्षक श्री मीणा ने सभी सेक्टर अधिकारियों एवं मतदान दल के अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने एवं मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने मतदान दलों को प्रशिक्षण का लाभ उठाने की बात कही। अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करने एवं किसी प्रकार की संशय में नही रहने के लिए कहा। कलेक्टर ने विभिन्न पपत्रो की उपयोगिता को समझ कर उन्हें भरने की पूरी जानकारी प्राप्त कर कुशलता पूर्वक होम वोटिंग पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डॉ एम एम जोशी ने होम वोटिंग के लिए गठित दल के अधिकारी कर्मचारियों को विभिन्न प्रपत्रों को भरने एवं उपयोगिता की बारे में बताते हुए होम वोटिंग की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित कर मतदाता को मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाएगी। मतदाता अपने पसंद के अ यर्थी के सामने निशान लगाकर मतदान करेगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर डॉ जोशी द्वारा सभी के शंकाओं का समाधान भी किया गया।गौरतलब है कि जिले में होम वोटिंग हेतु कुल 1×2 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए 14 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है एवं × दल रिजर्व रखे गए है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12 घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर ×0 अप्रैल एवं 01 मई 2024 को होम वोटिंग कराई जाएगी। प्रत्येक दल में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिसकर्मी एवं वीडियोग्राफर होंगे।

### व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी दर्री का किया आकस्मिक निरीक्षण

**कोरबा, 23अप्रैल ।** लोकसभा कोरबा अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मुकेश कुमार ने आज कोरबा विधानसभा अंतर्गत लाइंग स्क्वायड दल के जाँच पॉइंट दर्री का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एफएसटी टीम को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने टीम द्वारा की गई अब तक की कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने जांच के दौरान स पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने के निर्देश देते हुए जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी श्री चंद्रकांत टिकारिहा, सहायक व्यय प्रेक्षक श्री राजीव पाण्डेय उपस्थित थे।

## चिरौंजी गुठली के समर्थन मूल्य में वृद्धि होने से संग्राहकों में खुशी

**गरियाबंद, 23 अप्रैल ।** चिरौंजी गुठली संग्रहण सीजन 2024 अंतर्गत गरियाबंद वनमंडल को कुल 6000 क्विंटल संग्रहण का लक्ष्य शासन से प्राप्त हुआ है । संग्रहण लक्ष्य प्राप्ति हेतु वनमंडल के द्वारा पूरे जिले में ×0 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से संग्रहण केन्द्र स्थापित किया गया है । पूर्व में चिरौंजी गुठली की दर ग्रेड-1 का दर 126 रूपये एवं ग्रेड-2 का दर 115 रूपये प्रति किग्रा निर्धारित किया गया था। गरियाबंद वनमंडल के भौगोलिक क्षेत्रों में बे-मौसम बारिश से चिरौंजी गुठली के फसल का भारी नुकसान होने के कारण चिरौंजी गुठली का उत्पादन घटा है, जिससे स्थानीय बाजार दर में वृद्धि हुई है । वनमंडलाधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह के निर्देशानुसार एवं श्री अतुल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पूरे जिले में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संग्राहकों से संपर्क कर चिरौंजी गुठली की उपलब्धता एवं बाजार दर का सर्वेक्षण कराया गया । सर्वे में पाया गया कि शासन द्वारा निर्धारित दर एवं बाजार दर में काफी अंतर होने के कारण वनमंडलाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ रा'य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित रायपुर को उक्त वनोपज के संग्रहण दर में वृद्धि हेतु लेख किया गया। छ.ग.रा'य लघु वनोपज सहकारी संघ रायपुर द्वारा संग्राहकों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उक्त वनोपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करते हुए ग्रेड-1 का दर ×50 रुपये प्रति किग्रा, ग्रेड-2 का दर 270 रुपये प्रति किग्रा तथा ग्रेड-× का दर 190 रूपये प्रति किग्रा निर्धारित किया गया है । वर्तमान में चिरौंजी गुठली के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि होने से संग्राहकों में काफी उत्साह एवं खुशी का माहौल है । संग्राहकों द्वारा मानक अनुरूप चिरौंजी गुठली प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से शासन को विक्रय कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त होगा। वनमंडलाधिकारी द्वारा संग्राहकों से अपील की गई है कि चिरौंजी गुठली न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर बिचौलियों को विक्रय न करें और शासन की योजनाओं का लाभ उठायें ।।

### भूपेश बघेल का सौतेला व्यवहार जनता भूली नहीं : विष्णुदेव साय

**राजनंदगांव-रायपुर, 23 अप्रैल ।** राजनंदगांव प्रवास के दौरान मु यमंत्री विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है राजनंदगांव सीट पर चुनाव की प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा की कांग्रेस ने भूपेश बघेल जैसे चेहरे को प्रत्याशी बनाकर राजनंदगांव का चुनाव बेहद आसान कर दिया है। राजनंदगांव सीट वैसे भी भारतीय जनता पार्टी जीत रही थी परन्तु कांग्रेस ने जिसप्रकार सरकार से संगठन तक भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे,छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला,गोबर घोटाला,राशन घोटाला,कोयला घोटाला,महादेव सट्टा एप घोटाला एवं डीएमएफ़ घोटाला करने वाले भूपेश बघेल को राजनंदगांव से प्रत्याशी बनाकर राजनंदगांव में एक प्रकार से हथियार डालने का कार्य किया है। श्री साय ने कहा की पूर्व मु यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की जनता का हक़ छीनने का कार्य किया है।

### वनांचल के छात्रों को घुड़सवारी में पारंगत बना रहा है जिला प्रशासन

**दंतेवाड़ा, 23 अप्रैल ।** बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने के लिए छात्र जीवन एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, यही समय होता है जब ब'चों के रूचि अनुरूप उनके रूझान को पहचान कर उनके भावी जीवन की दशा और दिशा को सही मार्गदर्शन दें सकते है। यु तो छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए किताबी ज्ञान के साथ-साथ खेल-कूद सहित अतिरिक्त विधाओं में भी पारंगत होने की दरकार होती है। अगर खेल-कूद की बात की जाए तो क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, कबड्डी जैसे परंपरागत खेलों से आमतौर पर हर कोई परिचित रहता है और सीखा जा सकता है। परंतु कई विधाएं ऐसी है जिसकी सुविधा सहज ही उपलब्ध नहीं हो पाती और घुड़सवारी विधा भी एक ऐसी विधा है। परंतु जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए जावंगा स्थित एजुकेशन हब के छात्र-छात्राओं को घुड़सवारी में पारंगत करने की कवायद की जा रही है। इसके लिए राजधानी रायपुर से घोड़े एवं प्रशिक्षक की व्यवस्था की गई है, इस क्रम में जावंगा स्थित स्पोर्ट्स कॉ पलेक्स के एकलव्य खेल परिसर में छात्रों हेतु घुड़सवारी प्रशिक्षण गत 1 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। और छात्र-छात्राओं को सुबह और शाम दो पालियों में घुड़सवारी की बारीकियां, अश्व संचालन के तौर तरीके सिखाए जा रहे है।

## एक नजर

### प्रगतिशील सतनामी समाज के जिला संरक्षक बने कुरील



**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज जिला कार्यकारिणी महासमुंद के संरक्षक पद पर लिंकन कुरील अधिवक्ता एवं पब्लिक नोटरी का मनोनयन जिला व प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा किया गया है। कुरील पूर्व में समाज के विधि सलाहकार रह चुके हैं। छात्र जीवन में एससी-एसटी छात्र संघर्ष समिति के पद की जिम्मेदारी निभाने के साथ ही संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के सामाजिक मूवमेंट को बढ़ाने वाली संस्था समता सैनिक दल के भी पदाधिकारी रह चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष आरपी भतपहरी एवं प्रदेश महासचिव एसआर बंजारे ने लिंकन कुरील को जिला संरक्षक बनाए जाने पर हर्ष जताया है। समाज के राजमहंत पीएल कोसरिया, नूतन कुर्रे, दिनेश बंजारे, जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, जिला उपाध्यक्ष खोशिल गेंड्रे, हीरालाल कोयल व जिला कार्यकारिणी सदस्यों के साथ ब्लाक अध्यक्ष चित्र कुमार भारती, चिंता साय, तरुवर कोसरिया, रतन बंजारे, श्यामलाल बारिक, युवा प्रकोष्ठ से तरुण व्यवहार, तेजराम चौलिक, रामनारायण जांगड़े, चुम्मन घृतलहरे, मुकेश मधुकर, मुरली धर बारिक, शिक्षा, साहित्य एवं संस्कृति प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ, संघर्ष समिति के जिला व ब्लॉकों के सभी पदाधिकारियों शामिल हैं।

### अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई



**महासमुंद।** जिले के सरायपाली क्षेत्र के थाना बलौदा अंतर्गत आने वाले ग्राम गेर्रा के शिशुपाल पर्वत से लगे पहाड़ी में आबकारी टीम सरायपाली द्वारा सोमवार को अवैध हाथभट्ठी महुआ शराब निर्माण पर कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पहाड़ी के उपर हाथभट्ठी में अलग-अलग स्थान में रखी 27 प्लास्टिक बोरियों में कुल 945 किलोग्राम महुआ लाहन कीमत 47250 रुपए एवं एक प्लास्टिक बोरी में पॉलीथिन में बंधा हुआ 20 लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए कुल बाजार मूल्य 51250 रुपए को विधिवत कब्जे में लिया गया तथा महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। उक्त लावारिस सामग्री के स्वामित्व के संबंध में जानकारी न मिल पाने के चलते अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क)(च), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम किया गया। कार्रवाई आबकारी वृत्त सरायपाली के प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक शिवशंकर के नेतृत्व में की गई। जिसमें आबकारी स्टाफ सरायपाली उपस्थित रहे।

### मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टर सहित महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

**धमतरी 23 अप्रैल ।** लो वोटर टर्न आउट वाले मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्कूटी चलाकर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने निकलीं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में अनेक स्वीप गतिविधियां जैसे स्वीप रंगोली, कलश यात्रा, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन, पेंटिंग, मेहंदी सजाने सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने स्कूल रैली निकाली गई, जिसकी नेतृत्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने किया। कलेक्टोरेट परिसर से निकाली गई मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली अम्बेडकर चौक, रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक, सदर बाजार होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर के पास सम्पन्न हुई। रैली के साथ ही साथ महिलाओं ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, उम्र 18 पूरी है, वोट देना जरूरी है, जिला धमतरी वोट सर्वोपरी, प्रजातंत्र की है पहचान, उंगली पर हो एक निशान, सशक्त लोकतंत्र में पहचान, सशक्त नारी, शत-प्रतिशत मतदान का भी नारा लगाया। इस मौके पर कलेक्टर सुश्री गांधी ने जिलेवासियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। रैली में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का, परियोजना अधिकारी श्रीमती चित्ररेखा यादव, श्री शैलेन्द्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल विवाह को रुकवाया

**गरियाबंद, 23 अप्रैल ।** जेल में बंद (बंदी) पिता ने किसी के माध्यम से पता चलने पर घर में चल रही बाल विवाह करने की तैयारी को लेकर जेलर को सूचना दी। इस पर जेल प्रशासन ने सिटी कोतवाली के माध्यम से जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों द्वारा उनके घर में चल रही बाल विवाह करने की तैयारी को रूकवाया। जिला मु यालय के समीपस्थ ग्राम में 15 अप्रैल 2024 को बाल विवाह करने की तैयारी एक घर में चल रही है। जिला प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक कुमार पाण्डेय एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती दीपा शाह के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में उक्त गांव में बाल संरक्षण से एल.सी.पी.ओ श्री शरदचंद निषाद चाईल्ड लाईन गरियाबंद से समन्वयक श्री तुलेश्वर साहू, परामर्शदाता सुश्री निशा नेताम द्वारा बाल विवाह होने वाले स्थान में पहुंच कर विवाह होने वाली बालिका का आयु संबंधी दस्तावेज परीक्षण किया गया।

कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अराध्य देव चिकटराज का किया स्वागत

# बीजापुर क्षेत्र के अराध्य देव चिकटराज तहसील कार्यालय पहुंचे

- स्थानीय संस्कृति और उनके संरक्षण के लिए सहभागी बने जिला प्रशासन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 23 अप्रैल ।** बीजापुर के अराध्य देव चिकटराज का आगमन तहसील कार्यालय में हुआ जिनका विधिवत पूजा-अर्चना कर कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय जिले की सुख समृद्धि एवं शांति के लिए कामना की।बस्तर अंचल के बीजापुर जिला सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से काफी समृद्ध है यहां की ऐतिहासिक विरासत अपने-आप में वृहद है। अपने अंदर विविध सांस्कृतिक धरोहर संजोए रखे हैं, यहां की समृद्ध शाली परंपरा ऐतिहासिक गौरव की गाथा लिखती है।ऐसे ही एक ऐतिहासिक परंपरा यहां अराध्य देव चिकटराज की है, जिला मुख्यालय में विराजमान चिकटराज देव



जो न सिर्फ बीजापुर के अराध्य है बल्कि वर्ष में एक बार वार्षिक अनुष्ठान के दौरान अंचल वासियों को दर्शन देती है ऐसी मान्यता है तीन दिवसीय वार्षिक अनुष्ठान के दरम्यान ही चिकटराज देव नगर के तहसील कार्यालय पहुँचते हैं। रियासत काल में राजकोष में वित्तीय व्यवस्था अर्न्तगत राजस्व कर इत्यादि के संग्रह के लिए खंजाची नाम व्यवस्था लागू थी राजा-महाराजा द्वारा जिसका समय-समय पर निरीक्षण किया जाता था। चूंकि अब रियासतों का दौर खत्म हो चुका है, उसकी जगह तहसील कार्यालय ने ले ली है।

परंपराअनुसार आज चिकटराज देव तहसील कार्यालय पहुंचे जहां कलेक्टर ने विधिवत पूजा-अर्चना किया एवं स्थानीय संस्कृति के संरक्षण में सहभागी बने श्री अनुराग पाण्डेय जिले का पहला कलेक्टर है जिन्होंने इस रश्म में सहभागी बनकर स्थानीय परंपरा और रीति-रिवाज को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए उपस्थित हुआ। इस दौरान चिकटराज देव द्वारा खंजाची के रूप में रखे बक्सा का निरीक्षण किया गया। वार्षिक अनुष्ठान के द्वितीय दिन यह परंपरा निभाई गई। पूरे विधि विधान के साथ चिकटराज देव के साथ पुजारी मंदिर समिति और गणमान्य लोग तहसील कार्यालय में उपस्थित हुए। कल 23 अप्रैल को चिकटराज में भव्य मेला का आयोजन होगा जिसमें 27 देवी-देवताओं को आमंत्रण भेजा गया है मेले में देवी-देवताओं के प्रतीक चिन्ह के साथ ग्रामीण पहुंचेंगे।

## फूड फेस्टिवल के अंतिम दिन इंडियन रोलर बैंड ने बांधा समां




**महासमुंद।** तीन दिवसीय स्वीप फूड फेस्टिवल का इंडियन रोलर बैंड के गीतों के साथ समापन हुआ। बैंड ने अपने प्रस्तुति में हम भारत है, भारत है मुझमें जैसे मतदान के लिए प्रेरित करने वाले गीत के माध्यम से अपील की। इस दौरान छत्तीसगढ़ की परम्परा के अनुकूल चुनई मड़ई निकालकर मतदान के लिए प्रभावी संदेश दिया गया। मड़ई में अलग-अलग स्लोगन लिखकर उसे मंच में स्थापित किया गया।इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कहा कि शहरी वोटर्स को मतदान बूथ तक ले जाने के लिए और एक सशक्त संदेश पहुंचाने के लिए इस तरह का आयोजन किया गया। उन्होंने फूड फेस्टिवल में आए सभी लोगों से 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए अपील किया। कलेक्टर ने कहा कि आकड़ों से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम होता है। इसमें महासमुंद के युवा बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। वे खुद भी घर से निकले और अपने आस-पास के 10 लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। इस दौरान सभी को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक सहित जिला अधिकारी और कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। कलेक्टर सहित सभी अधिकारी चुनई मड़ई में परिवार सहित पहुंचे थे।उल्लेखनीय है कि जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने फूड फेस्टिवल के माध्यम से मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने का अनोखा आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच मेरा वोट, मेरी पहचान, शत प्रतिशत करना है मतदान जागरुकता का संदेश पहुंचाने स्थानीय बीटीआई रोड स्थित चौपाटी में तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल 19 से 21 अप्रैल संध्या 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया गया। फूड फेस्टिवल में लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी एवं लोगों ने आयोजन की जमकर सराहना भी किया। तीनों दिन खाने के शौकीनों के लिए अलग-अलग देशी और चायनीश फूड स्टाल लगाए गए हैं। यहां भी भारी भीड़ दिखी। फूड फेस्टिवल में लोग परिवार सहित आ रहे हैं। यहां बच्चों के लिए खेल जोन बनाया गया था, जहां बच्चों ने खूब मौज की।संगीत प्रेमियों सहित आम नागरिकों के मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। 19 को मशहूर एंकर तशीश, हिप हॉप जुंबा, शब-ए-अमन व रैपर अंकित एंड साधु बॉयस की शानदार प्रस्तुति पर लोग झूमते नजर आए। इसी तरह दूसरे दिन एंकर तशीश, हिप हॉप जुंबा, हवाएं द बैंड एवं सावन द बैंड की शानदार प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। अंतिम दिन 21 को एंकर तशीश, हिप हॉप जुंबा, स्पेशल परफॉर्मेंस एवं इंडियन रोलर के कलाकारों की संगीतमय प्रस्तुति ने समां बांधा। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, जिला पंचायत, बिहान, शिक्षा, नगरीय निकाय द्वारा स्टाल लगाकर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया गया। इस दौरान अंचल के स्थानीय खेल जैसे सांखली, कबड्डी, कुर्सी दौड़ आदि को शामिल किया गया था। महिलाओं ने इसमें उत्साह पूर्वक भाग लिया।स्वीप के नोडल एस आलोक और सहायक नोडल रेखराज शर्मा लगातार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को उनके मतदान के प्रति कर्तव्य को याद दिलाते हुए संकल्प दिलवाया गया। ग्राम तमोरा के विशेष पिछड़ी कमार जनजाति की महिला सदस्यों ने नृत्य शैली में मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। इसके अलावा आशियाना वृद्धाश्रम की बुजुर्ग सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया गया।

## मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार,इससे देश का भविष्य तय होता है:कलेक्टर



**महासमुंद 23 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक आज शासकीय वल्लभाचार्य महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता युवा सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर श्री मलिक ने विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बनाए गए रंगोली, पेंटिंग का अवलोकन किया तथा सराहना की। कार्यक्रम में महासमुंद विकासखंड के कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है, इससे हमारा और देश का भविष्य निर्धारित होता है। हमें सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के लिए सोच समझकर योग्य अभ्यर्थी को मतदान करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी युवा मतदाता दृढ़ संकल्पित होकर शतप्रतिशत मतदान कर जिले का लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान दें। कलेक्टर ने कहा कि आकड़ों से पता चलता है की ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम होता है। महासमुंद नगरीय क्षेत्र का मतदान प्रतिशत को कम देखते हुए नगरीय क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम पर ज्यादा फोकस किया गया है। श्री मलिक ने कहा कि लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। खासकर स्कूल की पढ़ाई पूरी कर कॉलेज पहुंचने वाले विद्यार्थी स्वयं जागरूक बनकर अनिवार्य रूप से मतदान करें और अपने आसपास दूसरों को भी प्रेरित कर जागरूक मतदाता बनने योगदान दें। लोकतंत्र में मतदान का महत्व समझना और दूसरों को समझाना एक महत्वपूर्ण विषय है। कलेक्टर श्री मलिक ने बीएलओ, स्वच्छता दीदीयों को अपने अपने क्षेत्र में जाकर अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। इस दौरान सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई।साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को अपने आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी एस. आलोक सहित जिला अधिकारी और कर्मचारी और छात्र छात्राएं मौजूद थे। भाषण, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरुस्कृत किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुक्ता साहू, द्वितीय रवीना एवं दुर्गा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में करुणा साहू प्रथम, यमन सिन्हा द्वितीय व उमा वैष्णव तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिनेश साहू, द्वितीय स्थान पर देवाशीष सावंत एवं तृतीय स्थान पर आशीष सिन्हा रहे।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आवेदन 17 मई तक

**गरियाबंद, 23 अप्रैल ।** राजीव गांधी बाल भविष्य योजना अंतर्गत रा'य शासन द्वारा प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वी तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एंव इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफ्ल होने के लिए सघन तैयारी कराई जाती है। जिसके लिए कक्षा 09वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित की गई है। सत्र 2024-25 में इन विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 मई 2024 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। भरे गये आवेदन में त्रुटि सुधार 18 मई से 20 मई तक किया जा सकेगा। प्रवेश के लिए चयन प्राक्रयन परीक्षा 09 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। ऑनलाइन लिंक में जाकर आवेदन भर सकते है।

## मजबूत लोकतंत्र में महिला मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

**धमतरी 23 अप्रैल ।** देश के मजबूत लोकतंत्र की नींव मतदाता होते है। क्योंकि मतदाता ही अपने अधिकार का उपयोग कर एक मजबूत नेतृत्व तैयार करते है। देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में जितना योगदान पुरूषों का होता है, उतना ही योगदान महिलाओं का भी हो होता है। मजबूत लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। यदि महिलाएं जागरूक हो तो वह स्वयं को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी, साथ ही अपने परिवार के अन्य सदस्यों एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान केन्द्र तक पहुंचाने का माद्दा रखती है। हम महिलाओं की स्थिति का आंकलन करें तो पता चलेगा कि वैदिक युग से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की सामाजिक स्थिती में अनेक तरह के उतार-चढ़ाव आते रहे हैं और उसके अनुसार ही उनके अधिकारों में बदलाव भी होता रहा है. इन बदलावों का ही परिणाम है कि आज



देश में महिलाओं का योगदान भारतीय राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में दिनों-दिन बढ़ रहा है, जो कि समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक सफल प्रयास है। लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए महिलाओं ने सशक्त लोकतंत्र की पहचान, सशक्त नारी शत-प्रतिशत मतदान, मतदान आपका हक है और जिम्मेदारी भी, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, वोट की कीमत कभी न लेंगे, लेकिन वोट जरूर देंगे, जब भी वोट डालने जाएं, पहचान पत्र साथ ले आएं, वोट हमारा है अनमोल, कभी ना लेंगे इसका मोल, चुनाव का पर्व, देश का गर्व, लोकतंत्र का भग्य विधाता, होता जागरूक मतदाता, मेरा मत, मेरा अधिकार का संदेश भी दे रही है। वर्तमान चुनावी परिवेश एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में महिला मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करना अनिवार्य है। इसी से ही देश को कुशल नेतृत्व और मजबूत लोकतंत्र की प्राप्ति होगी।इसके लिए जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचरण संहिता लगने के साथ ही ब्लॉक स्तर पर ही नहीं बल्कि हर ग्राम पंचायत, वार्ड एवं गली मोहल्ले में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता को मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही जिले में शत प्रतिशत महिला मतदाता बूथ तक पहुंचे इसके लिए मतदान केन्द्रों में महिलाओं के लिए सुविधायें भी विकसित की गयी है, जिनकी भी जानकारी महिलाओं को दी जा रही है ताकि उन्हें मतदान केन्द्र तक आने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। मतदान दिवस में अधिक से अधिक महिलायें अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए महिलाओं से संबंधित महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को मतदान की शपथ दिलायी जा रही है।

## कार्यालय कलेक्टर के विभिन्न कक्षों के नामकरण के लिए सुझाव आमंत्रित

**बीजापुर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिला कार्यालय में स्थित सभाकक्ष क्रमांक 01 एवं 02 प्रतिक्षा कक्ष तथा विडियो कांफ्रेस कक्ष क्रमांक 01 एवं 02 का नामकरण करना प्रस्तावित है जिसके लिए जिले के आम नागरिकों सहित अधिकारी-कर्मचारियों से नामकरण हेतु सुझाव 30 अप्रैल 2024 तक आमंत्रित किया गया है। नामकरण के सुझाव जिले के भौगोलिक संरचना, प्रेरणादायक शब्द हो सकता है। प्रस्तावित नाम को समिति के समक्ष रखा जाएगा जिस नाम का चयन होगा उसे भेजने वाले आम नागरिक अथवा अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित किया जाएगा। नामकरण से संबंधित अपना सुझाव कार्यालय जिला जनसंपर्क अधिकारी प्रथम तल जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक सी-8 में कार्यालयीन समय तक दिया जा सकता है।

## 85 बटालियन के जवान ने आदिवासी महिला को रक्त देकर बचाई जान

**बीजापुर, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।**85 वी0 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नयापारा बीजापुर के कमाण्डेंट श्री जे0 वी0 तुसिंग को जिला अस्पताल बीजापुर द्वारा सुचना प्राप्त हुई कि जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती महिला, बुधी हेमला उम्र 25 वर्श निवासी गंगालूर, बीजापुर को गंभीर बीमारी के कारण रक्त की सख्त आवष्यकता है। कमाण्डेंट 85 वी0 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के त्वरित प्रयास से जवान राजकुमार और मंजुनाथ द्वारा जिला अस्पताल बीजापुर में जाकर तत्काल रक्तदान किया गया एवं बीमार महिला की जान बचाई गई। 85 वी0 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों द्वारा मानवता व सामाजिक दायित्व के लिए किये गये कार्य की स्थानीय जनता एवं सामाजिक संगठनो द्वारा हार्दिक धन्यवाद देते हुए बहुत प्रशंसा की गई।



## मतदान प्रशिक्षण के अंतिम चरण में शामिल हुए 3860 मतदान दल के अधिकारी, कर्मचारी

**धमतरी 23 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में मतदाताओं द्वारा वोट डाले जायेंगे। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आज पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, मतदान अधिकारी 2 और मतदान अधिकारी 3 का तीसरे चरण का प्रशिक्षण स्थानीय सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मतदान सामग्री, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, मतदाता पर्ची, मतदान सामग्री सीलिंग, मतदान पूर्व की तैयारी, एएसडी सूची, मतदान सामग्री सीलिंग, मतदान पूर्व की तैयारी, मतदान अभिकर्ता, ईवीएम को जोड़ना, मॉक पोल, सील करने की सामग्री, ईवीएम और वीवीपैट को सील करना सहित पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, मतदान अधिकारी क्रमांक-2 और मतदान अधिकारी क्रमांक-3 के दायित्वों की जानकारी बारिकी से दी गई।इसके अलावा प्रशिक्षण में मतदाताओं के हाथ में अमिट स्याही लगाने, मतदाता के हस्ताक्षर लेने अथवा अंगूठा लगवाने सहित प्रारूप 17-ख, मतदान के दौरान निर्मित विशेष परिस्थितियों, अभ्याक्षेपित मत, सेवीवर्गीय मतदाता, प्रतिनिधि मतदाता, डाक मतपत्र, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतांकन, मतदान न करने का निर्णय, मतदान कक्ष में कौन-कौन प्रवेश नहीं करेगा, आयु के बारे में घोषणा, अभिकर्ताओं को दिए जाने वाले अभिलेख, वेबकॉस्टिंग व्यवस्था, रिकॉर्ड किए गए मतों का लेख और संग्रहण टीम की भूमिका इत्यादि की भी जानकारी दी गई। गौरतलब है कि सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के तहत विधानसभा सिहावा के मतदान दलों के कुल 3860 अधिकारी, कर्मचारियों को 70 मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इनमें मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मतदान दल के 1408 और सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में 2452 अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।

### चुनाव से पहले सेक्टर अधिकारी सुनिश्चित करें सभी तैयारियां

**धमतरी 23 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी एवं कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने सेक्टर अधिकारियो की बैठक लेकर मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि चुनाव में अब कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं, सेक्टर अधिकारी सभी तैयारियां सुनिश्चित कर लें। उन्होने कहा कि सेक्टर अधिकारियों को आबंटित मतदान केन्द्रो में बुनियादी सुविधाओं-बिजली, पानी, शौचालय, रेम्प, छाया, नेट कनेक्टिविटी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये।उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से यह भी कहा कि मतदान दिवस को की जाने वाली सभी रिपोर्टिंग समय पर करें। उन्हे यह भी सुनिश्चित करने कहा गया कि मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी राजनीतिक दल का कार्यालय नही होना चाहिए। सेक्टर अधिकारियो को अधिकृत वाहनो से ही ईवीएम मशीन ले जाने, मतदान दलो की सहायता, मतदान प्रतिशत की जानकारी भेजने, मतदान के बाद मतदान सामग्री जमा कराने, मतदाताओं के बीच ईवीएम एवं वीवीपेट के बारे में जागरूक करने, चयनित मतदान केन्द्रो में वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने, संवेदनशील मतदान केन्द्रो में विशेष सतर्कता बरतने सहित उनके संपूर्ण दायित्वो के बारे विस्तार से समझाईश दी गई।

### जिले के लोगों के मोबाइल पर एसएमएस भेजकर मतदान की अपील की

**गरियाबंद, 23 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश और स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल करते हुए गत दिवस जिला प्रशासन द्वारा जिले के 6 लाख 5 हजार लोगों के मोबाईल न बर पर बल्क मैसेज के माध्यम से 26 अप्रैल को वोट अवश्य करने की अपील की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में अनोखी पहल करते हुए लोगों को विशेष प्रकार से मतदान के बारे में जानकारी देने और उन्हें मतदान के लिए अपील करने हेतु नागरिकों के मोबाइल नंबर पर टेक्स्ट मैसेज एक साथ भेजा गया। जिसमें 26 अप्रैल को अपने संबंधित मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने की अपील की गई। बल्क मैसेज अनोखा माध्यम मतदाता जागरूकता का अनोखा माध्यम बना जिसके तहत मोबाइल धारक को तुरंत सूचना प्राप्त हो गई। साथ ही मोबाइल पर मैसेज प्राप्त करता मोबाइल धारक अपने घर के मतदाताओं को मतदान करने के बारे में जागरूक करने में सहयोगी बने।

### कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रारंभ

**दंतेवाड़ा, 23 अप्रैल ।** शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय दन्तेवाड़ा में कक्षा छठवी की रिक्त सीटों के लिए प्रवेश प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में कक्षा छठवी की 28 रिक्त सीटों में सभी वर्गों की गरीबी रेखा के नीचे व बी.पी. एल. कार्डधारी, अनाथ, नक्सल पीड़ित, शाला त्यागी बालिकाओं को विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा। इस प्रकार कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय दंतेवाड़ा में प्रवेश के लिए दन्तेवाड़ा ब्लॉक की छात्रायें 15 अप्रैल से 15 मई तक प्रवेश ले सकती है।

# हनुमान जयंती पर नगर में सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 23 अप्रैल।** तिल्दा-नेवरा नगर और ग्रामीण अंचलों में हनुमान का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। 22 अप्रैल से ही मंदिरों में अखंड रामायण पाठ के साथ साथ सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया जो आज प्रात विशेष पूजा हवन के साथ भजन कीर्तन के साथ सामूहिक आरती हनुमान चालीसा के साथ 12बजे भोग भंडारे का आयोजन किया गया। नेवरा संकट मोचन हनुमान मंदिर गांधी चोक मंदिर सहित नगर के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से भक्तों की भिड़ देखी गई और उत्साह के साथ हनुमान जयंती मनाई जा रही है और जगह जगह भंडारे की व्यस्था की गई है।



## बोड़तरा में आयोजित जसगीत स्पर्धा में समितियों ने दी प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 23 अप्रैल।** ग्राम बोड़तरा में मावली माता युवा सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय जसगीत प्रतियोगिता में द्वितीय दिवस में जसगीत समिति कोलिहामलिन, लक्षणपुर, आदि समितियों ने अपना प्रस्तुति दिखाई। स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ नीतू रवि आडिल सरपँच, गायत्री जितेंद्र आडिल पूर्व भाजपा अध्यक्ष महिला मोर्चा भाठापारा के द्वारा प्रारम्भ हुआ। प्रमुख रूप से समिति के महिला सदस्य दिनदेवी आडिल, कुमारी वर्मा, कांता आडिल, संगीता, रेणुका, कविता, छत्रपाल वर्मा, ऋतु आडिल, शीतल वर्मा, खिलेश्वरी वर्मा, दुर्गा वर्मा, प्रमुख योगदान रहा।



## एक नजर

### बाल व्यक्तित्व विकास समर कैंप 2 मई से

**भाटापारा, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाल व्यक्तित्व विकास समर कैंप का आयोजन किया गया है, जिसका विषय है दिव्य मुस्कान विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता, कला, शक्ति और सद्गुणों के विकास के लिए कक्षा पांचवी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष समर कैंप का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय संस्था, भाग्य विधाता भवन नरसिंह विहार कॉलोनी तरेंगा रोड भाटापारा में 2 मई 2024 गुरुवार से 9 मई 2024 गुरुवार तक प्रतिदिन प्रात: 8:00 बजे से 10:00 तक आयोजित है। उक्त शिविर में जीवन मूल्य शिक्षण, राजयोग ध्यान सूत्र, वैल्यू गेम्स, विविध प्रतियोगिताएं, आकर्षक उपहार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल है। अत: सभी पालकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से विनम्र निवेदन है कि बच्चों के जीवन में एकाग्रता, कला, शक्ति और सद्गुणों के विकास के लिए उक्त समर कैंप में भाग लेकर बच्चों को सशक्त बनाऐं। प्रवेश नि:शुल्क है। रजिस्ट्रेशन करवा कर अपना स्थान सुरक्षित करा लेवें राजयोग शिक्षिका, बीके मंजू बहन, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने उक्त जानकारी दी है।

### घर घुसकर महिला के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**तिल्दा-नेवरा, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मामले का विवरण इस प्रकार है की



थाना तिल्दा नेवरा में 19 अप्रैल को आरोपी हिम्मत सिंह राजपूत पीड़िता के घर जबरन प्रवेश कर पुनौतीन बंजारे से मेरा अफेयर चल रहा है तुम लोग हम लोगों को शादी करने नहीं दे रहे हो बोलकर पीड़िता श्रीमती मोगरा बंजारे को हाथ में रखे डंडे से मां बहन की गाली गलौज करते हुए हाथ में रखे डंडे से मारपीट किया तथा बी बचाव करने आए कुमारी अनामिका बंजारे को भी मारपीट किया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 213/24 धारा 452, 294, 323, 506 भादवी कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आरोपी हिम्मत सिंह राजपूत को 21 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय से न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### पुलिस ने मार्केटिंग कंपनी से रकम वापस दिला युवकों को किया गृहग्राम रवाना

**कोरबा, 23 अप्रैल।** शहर में कई ऐसी मार्केटिंग कंपनियां संचालित है, जहां बेरोजगारों को अच्छी नौकरी व वेतन का सब्जबाग दिखाकर लूटा जा रहा। यदि कोई बेरोजगार नौकरी की लालच में एक बार फंस गया तो उसके लिए कंपनी से बाहर निकलना चुनौती से कम नहीं है। ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसमें मीडियाकर्मियों के सहयोग से दो युवक थाना तक पहुंचने में कामयाब हो गए। उन्होंने पुलिस के सामने अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न सिर्फ दोनों युवक को कंपनी के चंगुल से बाहर निकाला, बल्कि उनकी जमा राशि वापस दिलाते हुए गृहग्राम के लिए रवाना किया। यह पूरा वाक्या सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र की है। दरअसल मीडियाकर्मियों को दो युवक ने वाट्सअप कालिंग कर सूचना दी कि वे पड़ोसी जिले के रहने वाले हैं। उन्हें खरमोरा क्षेत्र में संचालित जीपीआई कंपनी के कैंप से निकलने नहीं दिया जा रहा, जबकि वे काम छोड़कर जाना चाहते हैं। उन्होंने किसी तरह लुक छिपकर कॉल करने की बात कही। उन्होंने कंपनी के कैंप का लाइव लोकेशन भेज दिया, जिसकी मदद से मीडियाकर्मी खरमोरा-दादर मार्ग में एक स्थान पर पहुंचे। इसकी जानकारी होने पर नजरें बचाकर दोनों युवक बाहर आ गए। वे मीडियाकर्मियों की मदद से सिविल लाइन थाना पहुंचने में कामयाब हो गए। थाना प्रभारी सुमन पोया को पूछताछ के दौरान युवकों ने अपना नाम बिलासपुर जिले के कोटा इमलीपारा निवासी टारजन कुमार टांडे (18) व रितिक पात्रे (18) बताया। उन्होंने जानकारी दी कि गांव का रहने वाला रवि नामक उनके खास दोस्त ने कोरबा में जीपीआई नामक कंपनी संचालित होने की जानकारी दी।

### मोदी की गारंटी के साथ-साथ महतारी वन्दन पर कर रहे है चर्चा

# चौपाल से लेकर विवाह समारोह वाले घरों तक पहुंच रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 23 अप्रैल।** कांकेर लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपाइयों ने कमर कस ली है। प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर अलग अलग जिलों से पदाधिकारियों को बुलाया गया है। इसी तारतम्य में सुकमा जिले के जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, सह कोषाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष पी.विजय बालोद जिले के दल्ली राजहरा पहुंचे जहां महावीर जयंती के समारोह में पहुंच कर जैन अनुयायियों को शुभकामनाएं दी साथ ही भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जीवन बीमा निगम से जुड़े अभिकर्ता से मिल कर मोदी की गारंटी व वर्तमान में देश मे चल रहे विकास कार्यो को लेकर भी सार्थक चर्चा हुई। वही दल्ली में निवासराव दक्षिण भारत के तेलगु समाज के प्रमुखों से चर्चा के 26 तारीख को भोजराज के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

21 अप्रैल को भाजपा सुकमा जिला कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी अपनी टीम के साथ झलमला क्षेत्र के परसोदा पहुंचे जहां ग्रामीणों के साथ चौपाल लगा कर उनकी समस्या सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने कांग्रेस सरकार के दौरान शुद्ध पे जल व आवास उपलब्ध न कराने जैसे गम्भीर आरोप लगाये। जिस पर राठी ने मोदी की गारंटी पर भरोसा करने की बात कहते हुए कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ग्रामीणों के विकास को लेकर कटिबद्ध है और जल्द ही पेयजल व आवास की समस्या को दूर किया जाएगा।

अपने रात्रिकालीन दौरे के दौरान सुकमा जिले के भाजपा नेताओं ने जगनाथ सांकरा में सरपंच ओम प्रकाश साहू के परिजनों से मुलाकात की, इस दौरान वहां उपस्थित महिलाओं ने महतारी वन्दन योजना के तहत मिले लाभ पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। साथ ही महिलाओं ने इस बार मोदी की गारंटी पर कमल पर वोट की गारंटी दी।



**हल्दी समारोह में हुए शामिल:** परसदा स्थित कोंटा में पदस्थ रहे कर्मचारी के यहाँ आयोजित हल्दी कार्यक्रम में शामिल हो कर आशीर्वाद दिया। इस दौरान आयोजित वैवाहिक भोज में शामिल होकर ग्रामीणों के साथ भोजन किया। ग्रामीणों से चर्चा करते हुए सभी को 26 अप्रैल को भोजराज नाग के लिए मतदान करने की अपील की। वही ग्रामीणों ने पिछले 5 वर्षों में भूपेश सरकार द्वारा उपेक्षा करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान ग्राम के उपसरपंच तुमनलाल कौशिक, सुनहेर राम साहू सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कोरबा से 2 अभ्यर्थियों ने वापस लिया नामांकन

**कोरबा, 23 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 कोरबा अंतर्गत कोरबा लोकसभा से प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा एवं श्री कैलाश सुखदेव पगारे तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें निर्दलीय अभ्यर्थी कमाल खान एवं राजन पांडेय ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। नाम वापसी उपरांत भारतीय जनता पार्टी से सुश्री सरोज पाण्डेय, इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्रीमती ज्योत्सना महंत, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी - श्याम सिंह मरकाम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी - कमलदेव, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी श्रीमती रेखा तिवारी, छत्तीसगढ़ पार्टी दिलीप कुमार मिरी जोहार, बहुजन समाज पार्टी दूजराम बौद्ध, रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया अम्बेडकर प्रियंका पटेल, भारतीय जनता सेक्यूलर पार्टी सुशील कुमार विश्वकर्मा, सर्व आदि दल प्रशांत डेनिएल, छत्तीसगढ़िया पार्टी कल्याण सिंह तंवर, निर्दलीय रमेश दास महंत, राजेश पाण्डेय, महेन्द्र कुमार श्रीवास, शोबरन सिंह सैमा, केवल भारती गोस्वामी, प्रताप सिंग भानू, पालन सिंह, जयचंद्र सोनपाकर, शांतिबाई मरावी, अमरीका करपे, निर्दोष कुमार यादव, संतोष शर्मा, शेख रउफ शिवपूजन सिंह, कौशल्या बाई पोर्ते एवं पुरूषोत्तम दास मानिकपुरी कुल 27 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## पुलिस ऑब्जर्वर ने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत जांजगीर चांपा एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस बिपिन शंकर राव अहिरे ने आज बलौदाबाजार के नवीन मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल का जायजा लिया।

उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाबलों, सीसीटीवी कैमरा, डबल लॉक इत्यादि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल.चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार भी साथ थे। पुलिस आब्जर्वर ने विधानसभा वार बनाये गए मतगणना कक्ष का अवलोकन करते हुए टेबलों की संख्या, स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम मशीनों को लाने की व्यवस्था, मतगणना अधिकारियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं सहित मीडियाकर्मियों के प्रवेश की जानकारी ली।



उन्होंने मतदान दलों के लिए मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण व्यवस्था की भी जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए है। इसके साथ ही प्रेक्षक अहिरे ने पार्किंग स्थल के लिए आराक्षित स्थलों का भी अवलोकन कर जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर.दुबे, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### आदि गौण ब्राह्मण समाज महिला शाखा की बबिता अध्यक्ष, लता उपाध्यक्ष बनी

**भाटापारा, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बबिता शरद भृगु को आदि गौड़ समाज के महिला शाखा की अध्यक्ष व लता अरुण शर्मा को सर्व सम्मति से उपाध्याय मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर लक्ष्मी पाण्डेय सहित समाज की महिला शाखा ने हर्ष व्यक्त किया है।



### संविधान को खत्म करना चाहती है मोदी सरकार : शादाब

**भाटापारा, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एनएसयूआई ज़िला महासचिव शादाब जालियावाला ने केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफनिशाना साधा है। शादाब ने कहा लोकसभा का यह चुनाव है। देश में सेवा नहीं 10 साल तक राज करने वाली मोदी सरकार संविधान को खत्म करना चाहती हैं। इसलिए वह चुनाव में 4 सौ पार की बात कह रही है। सार्वजनिक मंचों में भी भाजपा के नेता व प्रत्याशी स्पष्ट कहते नजर आ रहे है कि आप हमें 4 सौ सीट लाने में सहयोग दे, हम देश का संविधान बदल देगे, लेकिन भाजपा संविधान बदलने की बात क्यों कहती है। इसका जवाब है कि भाजपा देश से आरक्षण को खत्म करना चाहती हैं। क्योंकि भाजपा आदिवासी, अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति विरोधी है। अगर भाजपा किसी की हितैषी है, तो वह उद्योगपतियो की है। अंडानी, अंबानी जैसे उद्योगपतियों को लगातार संरक्षण दे रही है।



हर चीज का नीजिकरण कर भाजपा उद्योगपतियों को फायदा पहुंची रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस लोकतंत्र व संविधान के रक्षक के रूप में इस चुनाव मैदान में हैं। अगर संविधान खत्म होगा, तो लोगों की आजादी छिन जाएगी, लेकिन भाजपा के इस साजिश को कांग्रेस कामयाब होने नहीं देगी। एनएसयूआई ज़िला महासचिव शादाब जालियावाला ने भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा कि संकल्प पत्र में मोदी की तस्वीर 48 बार अलग-अलग अंदाज में छपी है, लेकिन जनता हितैषी विषय संकल्प पत्र से गायब है। महंगाई कम करने का कही जिक्र नहीं हैं। 2047 की बात कर रहे है। क्या अभी के लोगों को विकास के लिए 20 साल तक का इंतजार करना पड़ेगा। इसके विपरित कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसान, महिलाओं, युवा, बेरोजगारो, आरक्षण, अग्निवीर भर्ती रद्द करने समेत अन्य जन हितैषी विषयों को प्राथमिकता से शामिल किया गया हैं। जिससे जनता में उत्साह का माहौल है शादाब ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह है। कुल 11 लोकसभा सीटो में से 8 से 9 सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी जीतेगे।

### लोकंतत्री की मजबूती के लिए जरूर करें मतदान, यह आपका अधिकार और कर्तव्य भी : थानेश्वर साहू

**भखारा, 23 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर मतदाता का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरुरी है। समाजसेवी थानेश्वर साहू प्रेस क्लब अध्यक्ष भखारा ने कहा कि किसी लालच या नशा आदि के प्रभाव तहत वोट ना डालें बल्कि सोच समझ कर सही उम्मीदवार को चुने ताकि हम अपनी पसंद की सरकार बना सकें। अगर हम घर से निकल कर मतदान केंद्र में वोट डालने जाएंगे, तभी हम अपनी पसंद की सरकार बना सकते हैं। मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है। अगर हम वोट का सही उपयोग करेगे तो सही नेता चुन सकते हैं। हर वोटर अपने संविधान अधिकार को समझें और 26 अप्रैल को अपना वोट डालने जरुर जाएं ताकि 100 फीसदी मतदान से लोकतंत्र का सही स्वरुप बन सके। इसलिए मेरी हर मतदाता से अपील है कि हमें अपनी वोट का सही उपयोग करना चाहिए। यह भी ध्यान रखना चाहिए को जिस भी पार्टी व नेता को वोट डाले उसकी साफ व इमानदार छवि हो। आगे कहा कि राष्ट्रनिर्माण के लिए मतदान करना जरुरी है। चुनाव में मतदान का प्रयोग करना बहुत ही जरूरी है। स्वयं मतदान करने के साथ-साथ हमें अन्य सभी को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान के माध्यम से हमें अपनी इच्छा के अनुसार जनप्रतिनिधि को चुनने का अधिकार प्राप्त हुआ है। इस लिए 26 अप्रैल को हर काम छोड़कर पहले लोकतंत्र के इस महाकुंभ में बढ़चढ़ कर अपना सहयोग दें।



**मतदान करना हर नागरिक का कर्तव्य:** मतदान कर अपनी सरकार खुद चुने वोट करना हर किसी का अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। ऐसे में हमें अपनी भारतीय नागरिकता का सम्मान करते हुए इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वोट जरूर करें। मेरी अपील है कि हर ग्रामीण जो वोट देने लायक है व जिसका वोटर कार्ड है वे सभी मतदान जरूर करें व अपनी सरकार को खुद चुनें। विकास करवाने वाले उम्मीदवार को वोट देंगे वोट डालकर सक्षम प्रतिनिधि को चुनने मतदान का दिन आने वाला है। गाँवों में इसको लेकर जागरूकता भी देखने को मिल रही है। ऐसे में शत प्रतिशत मतदान के लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करें।

### बरस्ते पानी में किया गया स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजन

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर के नेतृत्व में निकाली गई टार्च रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 अप्रैल।** लोक सभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज जिला मुख्यालय में टार्च रैली का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 2 किलोमीटर मार्ग को कलेक्टर के एल चौहान के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी के साथ बरसते पानी के बीच पैदल चलकर पूरी की गई। इस रैली में नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार से संबधित महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी महिला, दिव्यांग महिला, छात्र, छात्राएं, शिक्षक, आमजन, खिलाड़ी, प्रबुद्ध नागरिक, सहित अधिकारी कर्मचारी, मिडिया प्रतिनिधी बड़ी संख्या में शिरकत किए। इसके साथ ही रैली अंबेडकर पहुंचने पर कलेक्टर चौहान ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

कलेक्टर ने चौहान ने कहा किऐसे तो गर्मी का मौसम है फिर भी यदि ऐसे 7 मई को यदि बरसात भी हो तो भी हमें मतदान करना है। इसी संदेश को लेकर आज हमने टार्च रैली निकाली है। उन्होंने महिला, युवाओं और पुरुषों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचने और लोकतंत्र के इस महापर्व में भागादारी करने की अपील की है।



उक्त टॉर्च रैली जिला मुख्यालय में गार्डन चौक, से प्रारंभ होकर, बस स्टैंड, दशहरा मैदान होते हुए अंबेडकर चौक में समाप्त हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, सीएमओ भोई, अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी गण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बालोद में किया गया फ्लैग मार्च



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 23 अप्रैल।** स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संपन्न कराने में फोर्स की अहम भूमिका होती है जिसके तारतम्य में बालोद में आए पैरामिलिट्री फोर्स को क्षेत्र के संबंध में जानकारी देकर नगर बालोद में फ्लैग मार्च निकाला गया जो बस स्टैंड, परशुराम चौक, जय स्तंभ चौक, घड़ी चौक, हलदर चौक, मधु चौक, जय स्तंभ चौक से होते हुए दल्ली चौक में समाप्त किया गया। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद अशोक कुमार जोशी, एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी बालोद रवि शंकर पांडे एवं सीआरपीएफ के 150 अधिकारी व जवान उपस्थित रहे इस दौरान प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कैंडल मार्च में भी जवानों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

### व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी दर्री का किया निरीक्षण

**कोरबा, 23 अप्रैल।** लोकसभा कोरबा अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मुकेश कुमार ने कोरबा विधानसभा अंतर्गत फ्लाइंग स्कायड दल के जाँच पॉइंट दर्री का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एफएसटी टीम को 24 घंटे अलर्टमोड में रहने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने टीम द्वारा की गई अब तक की कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने के निर्देश देते हुए जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी श्री चंद्रकांत टिकारिहा, सहायक व्यय प्रेक्षक श्री राजीव पाण्डेय उपस्थित थे।


### नाम परिवर्तन

मैं रूही खान Ruhi Khan W/o मोहम्मद अंजुम खान Mohammed Anjum Khan निवासी म.नं. 8 बी, स्ट्रीट-01 सेक्टर-8 भिलाई वेस्ट दुर्ग छ.ग. की हूँ पूर्व में मेरा नाम रूही नसीम Ruhi Nasim D/o नवाब अहेमद खान Nawab Ahemad Khan था। अत: आज से भविष्य में मुझे समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मुझे रूही खान Ruhi Khan W/o मोहम्मद अंजुम खान Mohammed Anjum Khan के नाम से जाना व पहचाना जाए।

रूही खान
Ruhi Khan
शपथकर्ता
8 बी/01/8 Bhilai, Durg, CG

## एक नजर

### भारत को बनाया ईवी-रेडी

**रायपुर, 23 अप्रैल।** आज ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1एक्स पोर्टफोलियो के लिए नई कीमतों की घोषणा करके इलेक्ट्रिक स्कूटरों की डिलीवरी के बारे में भी जानकारी दी। एस1एक्स तीन बैटरी कॉन्फ़िगुरेशंस - 2 किलोवॉट घंटा, 3 किलोवॉट घंटा और 4 किलोवॉट घंटा में उपलब्ध होगा, जिनका मूल्य क्रमशः 69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य), 84,999 रुपये, और 99,999 रुपये होगा। एस1एक्स की डिलीवरी अगले सप्ताह से शुरू होगी। कंपनी ने एस1 प्रो, एस1 एयर, और एस1 एक्स+ की नई कीमतों के बारे में भी बताया, जो अब क्रमशः 1,29,999 रुपये, 1,04,999 रुपये और 84,999 रुपये में मिलेंगे। साथ ही सभी एस1 स्कूटरों पर 8 साल/80,000 किलोमीटर की कॉम्प्लिमेंट्री बैटरी वॉरंटी बिना किसी अतिरिक्त लागत के दी जा रही है।

### प्रबंधन में रणनीतिक बदलाव की घोषणा

**रायपुर, 23 अप्रैल।** बायजूस ने अपने परिचालन को कारगर बनाने और कंपनी को लंबे समय तक सफलता दिलाने के लिये आज एक बड़े संरचनात्मक बदलाव की घोषणा की है। इस रणनीतिक बदलाव के तहत बायजूस अपने व्यवसायों को तीन केन्द्रित प्रभागों में समेट रही है- द लर्निंग ऐप, ऑनलाइन क्लासेस एवं ट्यूशन सेंटर्स और टेस्ट-प्रेप। नई संरचना में हर प्रभाग अधिक सक्रिय और किफायती होगा। हर प्रभाग बायजूस के ब्राण्ड और परितंत्र की शक्ति का फायदा उठाते हुए बाजार के अवसरों का लाभ लेने के लिये बेहतर तरीके से सुसज्जित भी होगा। हर यूनिट के लीडर अलग-अलग होंगे और वे फायदा सुनिश्चित करने के लिये निजी तौर पर व्यवसायों को स्थायी तरीके से संचालित करेंगे।

### चुनाव के चलते दो दिन बंद रहेंगी शराब दुकानें

**रायपुर, 23 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव की वोटिंग 26 अप्रैल को होगी। इस दौरान रायपुर जिले में कुछ जगहों पर 48 घंटे के लिए ड्राई डे रहेगा। कलेक्टर गौरव कुमार ने रायपुर जिले की कुछ शराब दुकानें बंद रखने का आदेश जारी किया है। इस दौरान शराब दुकानें और सभी बार बंद रहेंगे। दरअसल, तीसरे चरण में कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव सीट पर वोटिंग होनी है। लिहाजा, महासमुंद और गरियाबंद जिले के आस-पास रायपुर जिले की सीमा में आने वाली 6 शराब दुकानें 24 अप्रैल की शाम 5 बजे से 26 अप्रैल को वोटिंग खत्म होने तक बंद रहेंगी। कलेक्टर के आदेश के मुताबिक देशी-विदेशी मदिरा दुकान नवापारा, विदेशी शराब दुकान गुल्लू, कंपोजिट मदिरा दुकान नर्मदापारा (गुल्लू), आरंग की देशी और विदेशी शराब दुकान बंद रहेंगी।

हनुमान जन्मोत्सव पर राजधानी के हनुमान मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

# 51 किलो दूध से हुआ हनुमान जी का अभिषेक



रायपुर। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मंदिर में आज महाआरती की गई। इस अवसर पर राजधानी के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**रायपुर, 23 अप्रैल।** सालासर बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी ! अध्यक्ष सुरेश गोयल, कार्यक्रम प्रभारी ईश्वर प्रसाद, अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी कर्तव्य अग्रवाल ने बताया कि आज सुबह सर्वप्रथम 51 किलो दूध से दुधाभिषेक किया गया।

उसके बाद सवामणि प्रसाद भक्तों के द्वारा दिनभर लगातार लगती रही। प्रथम पाली में भजनों की गंगा अलका सरवागी मूफद्वारा प्रस्तुति दी गई। दोपहर को भंडारा रखा गया। दोपहर 3:30 बजे संगीत में सुंदरकांड का आयोजन हजारों भक्तों के द्वारा किया गया। शाम को महा आरती 151 थालीयो के साथ की गई। शाम को प्रसिद्ध भजन गायक लल्लू महाराज द्वारा भजनों की प्रस्तुति झांकी के द्वारा की गई। हजारों भक्तों ने रात को महाप्रसाद ग्रहण किया। पूरे मंदिर परिषद को फलों से सजाया गया था। हनुमान को फल अति प्रिय थे। पूरे मंदिर के गर्भगृह एवं हाल में फलों के पेड़ एवं फल की श्रृंगार किया गया था। फलों में केला, आम, अनार, अंगूर, खरबूजा, तरबूज नारियल इत्यादि फल के पेड़ से सजावट की गई थी। सभी भक्तों को जन्मोत्सव के बाड भक्ति में बांटा गया।

कार्यक्रम को सुचारु संचालन के लिए सुरेश गोयल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नवल अग्रवाल कर्तव्य अग्रवाल, राम अवतार अग्रवाल, पवन अग्रवाल, चिमन अग्रवाल, सत्यनारायण मित्तल, विजय अग्रवाल, केसरी अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, विशंभर अग्रवाल, कमल गुप्ता, दिलीप केडिया, गिरिराज गर्ग, सहित पदाधिकारी एवं भक्तजन प्रयासरत है।

# सुरक्षा घेरा तोड़कर राजभवन के पास बाइक दौड़ाई



**रायपुर, 23 अप्रैल।** राजभवन के पास 3 लेयर सुरक्षा को तोड़ एक बाइक तेज रफ्तार आगे बढ़ गया। जिसमें 3 युवक सवार थे। बता दें कि जांजगीर के बाद प्रधानमंत्री आज धमतरी का दौरा करेंगे, जिसके बाद वे वापस रायपुर लौट आएंगे। वे राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। बता दें कि उनकी सुरक्षा को लेकर रायपुर में अभूतपूर्व तैयारियां की गई हैं। राजभवन के आसपास और समूचे रायपुर में बड़े पैमाने पर सुरक्षाबलों की तैयारी की गई हैं। दुसरे जिलों से जुड़ने वाली सड़के, रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे में गहन जांच की जा रही हैं। इसके साथ ही वाहनों की भी जाँच की जा रही हैं। शहर के लॉज और होटलों में रुकने वालों की भी जानकारी ली जा रही हैं।

### चाकू से युवकों पर जानलेवा हमला, एक की मौत

**रायपुर, 23 अप्रैल।** बोरियाखुर्द में चाकूबाजी की घटना हुई है। पुलिस के मुताबिक 22 अप्रैल की रात 10.30 बजे पुराने आपसी विवाद को लेकर आरोपी शुभम् गिरी, जयेश गिरी, रवि तोण्डे, सूरज नंदे ने संगम पैलेस के पास बोरियाखुर्द में चाकू से आर्यन तोमर, शुभम् चंद्राकार, समीर साहू, सिद्धांत निषाद पर चाकू से हमला कर दिए। जिसमे आर्यन तोमर निवासी बोरिया खुर्द की मौत हो गई है। और शुभम् चंद्राकर, समीर साहू, रवि घायल है जिनका इलाज चल रहा है। संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# सोमेश शर्मा आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल

**रायपुर, 23 अप्रैल।** सुंदर नगर निवासी सोमेश शर्मा सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री के जाने माने विशेषज्ञ हैं। देश व विदेश में बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्य करने के पश्चात उन्होंने ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ एवं टेक्मेन्ट टेक्नोलॉजीज जैसी सॉफ्टवेयर एवं डेटा सॉल्यूशन जैसी एंटरप्राइज सेवा प्रदान करने वाली प्रसिद्ध कंपनियां इन्होंने अपने अनुज रूपेश शर्मा के साथ स्थापित कर अपने गृह स्थान छत्तीसगढ़ से ही देश एवं विदेश की नामी कम्पनियों को सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन उपलब्ध करवाते हैं। भिलाई, इंदौर, एवं अमरीका में इनके ऑफिस स्थापित है एवं पेशेवर सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स की बड़ी टीम इनके साथ कार्य करती है। सम्पूर्ण ब्राम्हण समाज के लिए यह गर्व का विषय है।



# श्री विनय मित्र मण्डल ने 25 हजार से ज्यादा दिव्यांगों को जयपुर पैर लगाकर दी नई जिंदगी



**रायपुर, 23 अप्रैल।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिव्यांगों की सेवा प्रत्यर्थ विनय मित्र मण्डल का अभिनन्दन किया। संस्था के अध्यक्ष महावीर मालू व पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर महावीर तालेड़ा, सचिव आकाश गोलछा ने बताया कि आज मुख्यमंत्री साय ने 25 हजार से ज़्यादा जयपुर पैर का वितरण करने के लिए विनय मित्र मण्डल की सराहना की। अध्यक्ष महावीर मालू दीपचंद कोटड़िया राजेश क़ानूगा ने मुख्यमंत्री साय को बताया कि संस्था द्वारा 1986 से लगातार विकलांगों को जयपुर पैर दिए जाते हैं 38 वर्षों में 25 हजार से ज़्यादा जयपुर पैर का वितरण किया गया है। जयपुर पैर का निर्माण कारीगर अब्दुल वहीद कुरैशी द्वारा किया जाता है। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा महासचिव वीरेन्द्र डागा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्यमंत्री के करकमलों से विनय मित्र मण्डल का अभिनंदन किया गया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26